सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
31.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 255 | 12



मैंने कभी भी घमंड के आगे घुटने नहीं टेके : कंगना

## रामनवमी पर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा झारखंड
# राममय हुई राजधानी रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लगातार बारिश के बीच रामनवमी के मौके पर पूरा झारखंड जय श्री राम के जयघोष से गूंजता रहा। राजधानी रांची-खूंटी के अलावा धनबाद, जमशेदपुर, पलामू, गढ़वा, लातेहार समेत राज्य के सभी जिले में उत्साह चरम पर रहा। रामनवमी के उल्लास में राजधानी रांची राममय हो गयी। राजधानी की प्रमुख सड़के महावीरी झंडों और पताकाओं से पटी थी। शोभायात्रा को लेकर सुबह से ही रामभक्तों की बीच उत्सुकता माहौल था। मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिये गये थे। पूजा-अर्चना के बाद भक्तों की टोली शोभयात्रा को देखने लिए मेन रोड की ओर उमड़ पड़ी। एक-एक कर करीब 11 सौ अखाड़ों से की ओर निकली शोभायात्रा मेन रोड होते तपोवन मंदिर तक पहुंची। झंडे को मंदिर से स्पर्श कराकर अपने गंतव्य की ओर लौट गया। एक अनुमान के अनुसार लगभग 11 सौ अखाड़ों की शोभायात्रा मेनरोड होते हुए तपोवन मंदिर पहुंचा। राजधानी की सड़कों जब 11 सौ की संख्या में अखाड़े की शोभायात्रा उतरा तो पूरा वातावरण रामधुन से गूंज उठा। (शेष पेज 11 पर)



- 11 सौ अखाड़ों से रांची में निकली शोभायात्रा
- बारिश छूटते ही पहली शोभायात्रा महावीर हनुमान भक्त मंडल की मेन रोड पहुंची
- फिर श्रीश्याम परिवार एवं महानगर महावीर मंडल समेत अन्य जुलूस पहुंचे

### महाबीरी पताकाओं से पटी रांची

बारिश थमते ही मेन रोड महाबीरी अखाड़ों के जुलूस से पट गया। सर्व प्रथम महावीर हनुमान भक्त मंडल की जुलूस अमित सोनी के नेतृत्व में अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंची जिसका स्वागत वहां पर उपस्थित जन समुदाय ने किया। इसके बाद क्रमवार जुलूस निकलने का सिलसिला शुरू हो गया। मौसम के कारण शोभायात्रा में थोड़ा विलंब हुआ।

## श्रीराम के आदर्श को आत्मसात करें : सीएम
### तपोवन मंदिर में पूजा कर राज्य की खुशहाली मांगी




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने सपरिवार तपोवन मंदिर पहुंचे। प्रभु श्री राम के चरण में शीश नवाकर राज्य वासियों की उन्नति, सुख समृद्धि, शांति और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने सभी को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं। श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें, इसी में सबका कल्याण निहित हैर। रामनवमी महापर्व आपसी एकता, बंधुत्व, सौहार्द और वर्षों से चली आ रही परंपरा और संस्कृति को मजबूत बनाता है। (शेष पेज 11 पर)

### तपोवन मंदिर के पास साउंड सिस्टम गिरा, 4 घायल

**रांची।** दोपहर बाद रांची के मौसम ने करवट ली, जिसकी वजह से शहर के कई हिस्सों में तेज आंधी और बूंदाबांदी देखने को मिली। इसी बीच राजधानी रांची के तपोवन मंदिर के नजदीक तेज आंधी की वजह से साउंड सिस्टम का पूरा सेट गिर गया। जिसमें 4 लोगों के घायल होने की जानकारी है। हालांकि तत्काल एंबुलेंस को बुलाया गया और सभी घायल व्यक्तियों को हॉस्पिटल भेज दिया गया है। साउंड सिस्टम गिरने से अफरातफरी का माहौल बन गया और घायल लोगों को तत्काल इलाज के लिए भेज दिया गया है।




## रामनवमी पर इंदौर के बेलेश्वर मंदिर की छत धंसी, 13 की मौत

एजेंसी


**इंदौर।** रामनवमी के दिन इंदौर शहर में बड़ा हादसा हो गया। यहां बेलेश्वर मंदिर में हवन-पूजा करने के दौरान 24 से ज्यादा लोग 70 फीट गहरी बावड़ी में गिर गये। हादसे में अबतक 13 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में 10 महिलाएं हैं। सीएम शिवराज ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि अभी तक 10 लोगों को बचाया गया है, उनमें 2 बच्ची और 3 शख्स शामिल हैं। कई थानों की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम राहत बचाव में जुटी है। पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ समेत अनेक नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। पीएम ने कहा मेरी प्रार्थना उन सभी प्रभावितों और उनके परिवारों के साथ है।राज्य सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दिये हैं। मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख मुआवजा देने की घोषणा की गयी है।

यह हादसा जूनी थाना क्षेत्र के बेलेश्वर मंदिर में गुरुवार की दोपहर हुआ। मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। मंदिर की इमारत इतने लोगों के वजन को झेल नहीं पायी। अचानक हादसा होने की वजह से इनमें से किसी को भी बचकर निकलने का मौका तक नहीं मिला। (शेष पेज 11 पर)

## अगली रामनवमी तक रामलला अपने मंदिर में विराजमान होंगे

एजेंसी

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को उम्मीद जतायी कि अयोध्या में निमार्णाधीन जन्मभूमि मंदिर में रामलला आगामी रामनवमी तक विराजमान हो जायेंगे। यहां गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के 113वें दीक्षांत समारोह में श्री शाह ने अपने



संबोधन की शुरुआत रामनवमी की शुभकामनाओं के साथ की। विवि ने अमित शाह को विद्या मार्तंड की मानद उपाधि से सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में गृहमंत्री ने 182 छात्रों को गोल्ड मेडल और 181 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। गृहमंत्री ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी ने वैदिक शिक्षा की परंपरा की जोत को जलाये रखा है। (शेष पेज 11 पर)

RSB GROUP FELICITATES "CHANGE MAKER" WOMAN LEADERS

RSB took the pride of felicitating "Change Maker"woman leaders and were presented with laurels by the hands of Ms Urmila Behera while Ms Nirmala Behera, Executive Director - Group HR, delivered motivational address. In a special award ceremony organized on the occasion, four women leaders from Pune, namely, Ms Ganga Patil, Ms Vandana Dhotre, Ms Sneha Bharati and Ms Rishita More, who brought significant social impact in the society, & have respetively helped orphaned elderly woman in the evening of their life by supporting their livelihood, educational support to girls school drop-outs due to resource constraints by imparting free education, skill development training to under-privileged in deep rural areas and more so, a trans-gender woman leader, who rose to become a successful entrepreneur despite society's resistance to such genders, were given warm welcome with an inspirational address and presented with laurels.




Mrs. Urmila Behera (left) felicitating one of the of awardees, Ms Rishita More, Make-up Artist (Transgender) while on right Ms Nirmala Behera delivering felicitation address






"Change Maker" Woman Leaders who were felicitated..

Ms Ganga Patil | Ms Vandana Dhotre | Ms Sneha Bharati | Ms Rishita More (transgender)

# झारखंड में अब मदरसा और संस्कृत स्कूल के बच्चों को भी मिलेगी छात्रवृत्ति

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना नियमावली-2022 में किया गया संशोधन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मदरसा और संस्कृत स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें भी छात्रवृति का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार ने 213 मदरसों एवं 39 संस्कृत विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को भी प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना का लाभ देने की घोषणा की है।

योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) वर्ग के बच्चे ले पाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना नियमावली-2022 में संशोधन किया है। संशोधन नियमावली को कैबिनेट से भी स्वीकृति मिल गयी है। पिछले साल अगस्त माह में हेमंत सरकार ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति देने से संबंधित नियमावली बनाने की स्वीकृति दी थी। नियमावली बनने के साथ झारखंड प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के स्वरूप में बदलाव करते हुए छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना बढ़ोतरी की गयी थी। उस समय नियमावली में केवल सरकारी स्कूलों को जोड़ा गया था, लेकिन मदरसों और संस्कृत विद्यालयों को छोड़ दिया गया था। अब नियमावली में संशोधन कर इन्हें जोड़ा गया है।

**प्री-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान के लिए 100 करोड़ की स्वीकृति :** संशोधित नियमावली में अन्य विद्यालयों को भी जोड़ा गया है। इसमें झारखंड के सरकारी सहायता व अनुदान प्राप्त विद्यालय, गैर सरकारी अल्पसंख्यक प्रारंभिक विद्यालय, गैर-सरकारी अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय, अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों में क्लास एक से 10 तक में पढ़ाई कर रहे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र- छात्राओं को प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना का लाभ मिलेगा। प्री-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान में इस वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी कर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# आज भी होगी वर्षा, कई जिलों में अलर्ट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब के चलते गुरुवार रामनवमी के दिन झारखंड के तमाम इलाकों में झमाझम बारिश हुई। दोपहर तीन बजे के बाद से रांची सहित झारखंड के खूंटी, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा जिलों में मेघ गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गयी, जो देर शाम तक होती रही। रांची मौसम केंद्र ने रांची, लोहरदगा, बोकारो, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम जिले के किसानों से खराब मौसम में खेत मे नहीं जाने की अपील की है। विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

बारिश का कुछ असर राज्यभर में रामनवमी की झांकियों पर भी पड़ा, तेज बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। राजधानी रांची में तेज आंधी के कारण तपोवन मंदिर के पास एक साउंड सिस्टम गिर पड़ा। इस हादसे में चार लोग घायल हो गये हैं।

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब और गर्मी के दिनों में झारखंड में बनने वाले लोकल सिस्टम के प्रभाव से शुक्रवार और शनिवार (01अप्रैल) को राज्य भर में आसमान में बादल छाने और कई जगह मेघगर्जन के साथ बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है। साथ ही 31 मार्च तथा 01 अप्रैल के लिए वज्रपात की संभावना मौसम केंद्र ने आपदा विभाग को दी है।

मौसम केंद्र ने रांची, लोहरदगा, बोकारो, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम जिले के किसानों से खराब मौसम में खेत मे नहीं जाने की अपील की है. वहीं तेज हवा और वज्रपात के दौरान खराब मौसम से बचने के लिए पेड़ के नीचे नहीं खडे.होने की सलाह दी. इस दौरान बिजली के खंभों के नीचे नहीं जाने की भी सलाह देते हुए नागरिकों से सावधान और सतर्क रहने को कहा है। झारखंड के जिलों में कैसा रहा तापमान- रांची मौसम केंद्र ने आज सुबह राज्य के कुछेक जिलों में रिकॉर्ड किये गये तापमान के आंकड़े साझा किये हैं। इसके अनुसार गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे रांची का तापमान 33.9, जमशेदपुर का 36.8, डाल्टेनगंज का 36.3, बोकारो का 35.1, चाईबासा का 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रामनवमी पर पूरे झारखंड में झमाझम बारिश



# बाइक एंबुलेंस से गांव-गांव तक मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

## बाइक एंबुलेंस की खरीदारी में लगी सरकार, टेंडर जारी

सुधीर

**रांची।** राज्य सरकार ने शिक्षा के बाद अब स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने पर फोकस किया है। यही कारण है कि सरकार ने राज्य के जिलों में बाइक एंबुलेंस से गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। पहले फेज में राज्य के विभिन्न जिलों के लिए 175 बाईक एंबुलेंस खरीदे जायेंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग झारखंड के झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्र^ र डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन (जेएमएचएफडीपीसी) ने इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। जेएमएचएफडीपीसी ने एंबुलेंस सुविधा मुहैया कराने को एजेंसियों से 13 से 20 अप्रैल के बीच आवेदन मांगे हैं। एंबुलेंस के लिए 5000 रुपये की फीस लगेगी जबकि ईएमडी के तौर पर 7 लाख रुपये जमा करने होंगे। बताते चलें कि पिछले दिनों झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक इरफान अंसारी, अमर कुमार बाउरी और भानु प्रताप शाही ने स्वास्थ्य सेवा को लेकर मामला उठाया था। नेताओं ने बाइक एंबुलेंस सेवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत संचालित एंबुलेंस के ड्राइवरों को मानदेय भुगतान नहीं किए जाने का मसला उठाया था। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आश्वस्त करते कहा था कि राज्य में जल्द ही 175 बाईक एंबुलेंस की शुरूआत होगी। साथ ही उन्होंने 75 नये एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराए जाने का भरोसा दिलाया था। कहा था कि बाईक एंबुलेंस के जरिये दुर्गम इलाकों में इसका लाभ दिए जाने की जानकारी दी थी। मंत्री ने यह भी बताया था कि इस एंबुलेंस के क्रय की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, विधानसभा में सरकार द्वारा दिए गए जवाब के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाइक एंबुलेंस के खरीद की प्रक्रिया तेज हुई है।

# झारखंड को 2 वंदे भारत की सौगात, रांची से पटना और रांची से हावड़ा चलेगी

**रांची।** भारतीय रेलवे ने झारखंड को दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है। पहली ट्रेन रांची से पटना के बीच चलेगी। हजारीबाग के रास्ते चलने वाली यह ट्रेन अभी 7 घंटे में रांची से पटना पहुंचेगी। अपने ही देश में बनी इस अत्याधुनिक ट्रेन की हर राज्य में डिमांड है। झारखंड की राजधानी रांची से पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 25 अप्रैल को रवाना होगी। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इसको हरी झंडी दिखायेंगे। वहीं दूसरी ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच चलेगी। भारतीय रेलवे के सूत्रों की मानें, तो यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन ही चलेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह सबसे ज्यादा स्पीड से चलने वाली ट्रेन भी है। इसमें वाई-फाई कनेक्टिविटी के साथ-साथ लोगों के मनोरंजन के लिए 32 इंच की टीवी भी लगी है। इसके अलावा और भी कई सुविधाएं वंदे भारत ट्रेन में दी गयी है, जिसने इसे लोकप्रिय बना दिया है। देश में इस वक्त 10 रूट पर वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं।

# प्रथागत कानून के आइने का खौफनाक चेहरा है डायन



राजेश कुमार

डायन को झारखंड का समाज ना जाने किस चश्मे से देखता है कि हर बार इसका परिणाम किसी अबला, निराश्रित और विधवा की निर्मम हत्या के रूप में अखबारों की सुर्खियां बन जाता है। चंद जागरूक लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं से लेकर झारखंड सरकार तक के अब तक के डायन प्रथा उन्मूलन के प्रयास का कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ पाया है। आदिवासी बहुल राज्य होने के कारण प्राचीन काल से आम जनजीवन में आत्मसात हो चुकी अनेक प्रथाओं का समर्थन और पालन आज भी समाज का बड़ा वर्ग पूरी शिद्दत से करता है। विडंबना यह है कि ऐसी प्रथाओं और उनके पूजा-पाठ जैसे नियम कानून मौखिक रूप से चलते हैं और उनका संचालन भगत अथवा पुजारी समाज के कुछ प्रभावशाली लोग और झाड़-फूंक करने वाले ओझा गुनी ही करते रहे हैं। प्रथा के नाम पर इनके द्वारा जारी किया गया फरमान अंतिम होता है। झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था होने के बावजूद डायन बिसाही भूत प्रेत अंधविश्वास के मामलों में इन प्रभावशाली लोगों और ओझा गुनी का तथाकथित पंचायत ही सर्वोपरि होता है, जो स्थानीय लोगों की सोच पर हावी होता है।

झारखंड का जनजातीय समाज भूत प्रेतों में कुछ ज्यादा ही विश्वास करता है। इनके प्रत्येक कार्य में होने वाले अनुष्ठान भूत-प्रेतों के आह्वान से प्रारंभ होते हैं। यही कारण है कि इनके साथ घटने वाली प्रत्येक घटनाओं को भूत-प्रेत के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव से जोड़ा जाता है। छोटी-छोटी घटनाओं को भी भूत-प्रेत, टोना-टोटका, नजर-गुजर से जोड़ देते हैं। उरांव प्रथा के नजरिए से देखें तो कृषि कार्य, पर्व-त्यौहार, रीति-रिवाज धार्मिक अनुष्ठान से लेकर आम दैनिक जीवन में भूतों अथवा मृत आत्माओं के आह्वान के बगैर कोई कार्य संभव नहीं होता है। इनका मानना है कि मरने के बाद इनके पूर्वजों की आत्माएं साथ रहती हैं। इन आत्माओं को घर में वास दिया जाता है। इनका यह भी मानना है कि अतृप्त आत्माएं प्रत्येक कार्य में बाधा पहुंचाती हैं।

डायन कार्य को किसी भी समाज में एक बहिष्कृत प्रथा के रूप में जाना जाता है। इसलिए डायन को सिर्फ उरांव रीति-रिवाज के तहत चर्चा करना उचित प्रतीत नहीं होता है, परंतु इस समाज में भी यह बहिष्कृत प्रथा देखने को मिलती है। समय-समय पर इस प्रथा के अनेक पहलू सामने आते हैं। डायन के अधिकांश मामलों में समाज का उग्र रुप भी प्रकट होता है। ज्यादातर मामलों में महिलाएं खासकर विधवा अथवा निराश्रित स्त्री को इस प्रथा का शिकार बनना पड़ता है। मामलों की तह में झांकें तो अधिकांश मामलों में जमीन जायदाद, आपसी क्लेश घरेलू झगड़े ही उजागर होते हैं जिन पर लोगों के प्रथागत कानून और अंधविश्वास का फायदा उठाते हुए डायन का अमलीजामा पहना दिया जाता है।

प्रथागत कानून की आड़ में जमीन जायदाद में स्त्रियों को हिस्सा नहीं देना एक बात है लेकिन उन स्त्रियों के सामने समाज का एक ऐसा खौफनाक चेहरा उभरकर सामने आता है जो पति की मृत्यु हो जाने अथवा अथवा अविवाहित रह जाती हैं और परिवार के सभी पुरुष सदस्यों की अकाल मृत्यु हो जाने से निराश्रित हो जाती हैं। ऐसी स्त्रियों को अक्सर समाज के तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। निकटवर्ती रिश्तेदारों की नजरें इनकी जमीन जायदाद पर गढ़ जाती हैं। उन्हें बेदखल करने या उनकी जमीन हड़पने का आसान रास्ता होता है डायन घोषित कर देना।

डायन को प्रथा का रूप दिए जाने को विस्तार से समझने के लिए किसी भी जनजाति की विरासत, उत्तराधिकार संबंधी कानूनी प्रावधानों की मूल जानकारी जरूरी है। जैसे उरांव जनजाति में वंशावली पिता के नाम से चलती है अर्थात पितृ प्रधान पारिवारिक व्यवस्था युगों से चली आ रही है। परिवार के मालिक के नाम पर जमीन जायदाद होती है। सामाजिक व्यवस्था भी कुछ इस अनुरूप व्यवस्थित हो चुकी है कि निर्विरोध रूप से पितृसत्ता को स्वीकार किया जाता है। पुरुष वंश को ही उत्तराधिकार प्राप्त होता है। पुत्रियों और स्त्रियों को जायदाद का उत्तराधिकारी नहीं माना जाता है। विरासत में मिली जमीन जायदाद को तब-तक समाप्त नहीं किया जा सकता जब-तक उसका वास्तविक हकदार अथवा मूल रिश्तेदार जीवित हो, चाहे वह कितनी भी दूर की पीढ़ी का क्यों ना हो। पिता के उत्तराधिकारी के रूप में उस गोत्र के नाते रिश्तेदार को जमीन हस्तांतरित की जा सकती है। यदि कोई पुरुष सदस्य जीवित नहीं रहता है तो वह भूमि गांव के गोत्र सदस्यों को प्रदान की जाती है। यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि गांव के निवास कर रहे लोगों के पूर्वज एक ही खानदान के सदस्य थे जिस नाते उसी गोत्र के जीवित सदस्यों को वह जमीन हस्तांतरित की जाती है। उदाहरण स्वरूप यदि कुजूर गोत्र के सभी सदस्यों की मृत्यु हो जाती है तो उस गांव के कुजूर पुरुष को जमीन हस्तांतरित की जा सकती है, लेकिन उस परिवार के महिला सदस्यों को जमीन पर अधिकार नहीं दिया जाता है।

जमीन जायदाद के बंटवारे में महिला के अधिकार और प्रथागत कानून को समझना आवश्यक है। इस मामले में स्पष्ट है कि पिता यदि अपनी भूमि का बंटवारा करना चाहे तो वह सिर्फ अपने बेटों के बीच ही भूमिका भाग करता है ना की पुत्रियों को। अविवाहित अथवा विधवा को जीविका के लिए हिस्सा पाने का हक रहता है, जो लड़कों से कम होता है। जीवन यापन के लिए मिले अपने हिस्से को वह स्त्री ना तो बेच सकती है ना बंधक दे सकती है। अविवाहिता के पालन पोषण की जिम्मेवारी यदि कोई पुत्र लेता है तो पिता अन्य पुत्रों से कुछ अधिक हिस्सा उसे दे सकता है। स्त्रियों को दी गई भरण-पोषण की जमीन उसकी मृत्यु के उपरांत सभी पुत्रों में बराबर बांट दी जाती है। इसी प्रकार पिता की मृत्यु के बाद मां की इच्छा के अनुसार जो बेटा भरण-पोषण की जिम्मेदारी उठाता है उसे भूमि अथवा संपत्ति का कुछ हिस्सा दिया जाता है लेकिन यह हिस्सा भी एक से अधिक पुत्र को नहीं दिया जा सकता है। मां की मृत्यु के बाद भूमि, संपत्ति पुनः बराबर हिस्सों में बांट दी जाती है। उल्लेखनीय है कि पूरा समाज भी अपने प्रथागत कानून को छोड़ने के हक में नहीं है तथा बाहरी हस्तक्षेप का हमेशा विरोध करता रहा है।

परिस्थितियों का आकलन करें तो इसके मूल में अशिक्षा, अज्ञानता और अंधविश्वास साफ तौर पर देखने को मिलता है। इसके अलावा भारतीय परिदृश्य में नजर दौड़ाएं तो शिक्षित समाज भी नजर-गुजर, अपशकुन आदि को कहीं न कहीं अपनाए हुए हैं। उदाहरण स्वरुप किसी नवजात के बीमार होने पर उसकी माता अथवा घर की कोई बुजुर्ग महिला बच्चे की नजर उतारने की सलाह सबसे पहले देती है। इसी प्रकार छींकने, यात्रा पर निकलते व्यक्ति को पीछे से टोकने, बिल्ली का रास्ता काटने जैसे अंधविश्वास भी हम आए दिन देखते हैं। इन मामलों में गांव और शहरों का फर्क मिटता सा नजर आता है।

**– लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

**(अगले अंक में : प्रेत-आत्माओं संग डायन का ताना-बाना और आधुनिक समाज)**

लैंगिक असमानता : रूढ़िवादी सोच में बदलाव के लिए संघर्ष



# कोल्हान विवि को 8500 रुपये मानदेय में चाहिए असिस्टेंट प्रोफेसर

## झारखंड राज्य वोकेशनल शिक्षक संघ ने इसे बताया शिक्षा के साथ मजाक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल्हान विश्वविद्यालय ने घाटशिला कॉलेज में अनुबंध सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) के सात पदों के लिए विज्ञापन निकाला है। इसमें प्रत्येक माह अधिकतम 8500 रुपये देने की बात कही गयी है। इसे लेकर रांची विश्वविद्यालय के वोकेशनल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने नाराजगी जतायी है। कहा कि यह तो शिक्षा के साथ मजाक किया गया है। आज के समय में दिहाड़ी मजदूर को भी इससे ज्यादा मजदूरी मिलती है। दूसरे विश्वविद्यालयों में 500 से 600 रुपए प्रति क्लास दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय व कॉलेज प्रशासन या तो मानदेय बढ़ाए या फिर इस विज्ञापन को रद्द करे।

### क्या है नियुक्ति के लिए निकले विज्ञापन में

**कोल्हान** विश्वविद्यालय ने अनुबंध सहायक प्राध्यापक के सात विषयों के लिए विज्ञापन निकाला है। भौतिक विज्ञान के लिए 1, रसायन विज्ञान के लिए 1, गणित के लिए 1, दर्शनशास्त्र के लिए 1, हिंदी के लिए 2, इंग्लिश के लिए 2 और अर्थशास्त्र के लिए 1 पद का जिक्र है। आवेदन करने के लए नेट/पीएचडी और जिस विषय के लिए आवेदन करना है, उस विषय के स्नातकोत्तर में कम से कम 55 प्रतिशत रहना अनिवार्य है। आवेदन शुल्क सामान्य और ओबीसी के लए 250 रुपये और एससी के लिए 150 रुपए निर्धारित किया गया है। मानदेय के रूप में स्नातक को 300 और स्नातकोत्तर को 350 रुपये प्रति क्लास दिया जाएगा। महीने में अधिकतम 8500 रुपए दिये जायेंगे।

### बीएड के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि आज

**रांची।** बीएड में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च है। दाखिले की प्रवेश परीक्षा जेसीईसीईबी परीक्षा आयोजित कर रही है। बीएड एंट्रेंस कॉम्पिटिटिव एग्जाम रिजल्ट आने के बाद काउंसिलिंग होगी। इस दौरान ही विद्यार्थियों को कॉलेज आवंटन किया जाएगा। काउंसिलिंग एक, दो या इससे अधिक राउंड में हो सकता है। आधिकारिक वेबसाइट पर जा कर आवेदन किया जा सकता है। सामान्य और ओबीसी के लिए आवेदन शुल्क 1000, जो झारखंड के ओबीसी हैं, उनको आवेदन शुल्क 750, एससी व एसटी के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है।

# राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक जीते, तो मिलेगा नकद पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खेल निदेशालय झारखंड के स्तर से खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार (सम्मान राशि) का लाभ दिया जाना है। इसके लिए हर जिले में खिलाड़ियों से आवेदन मंगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के सभी 24 जिलों में 15 अप्रैल तक आवेदन दिए जाने की अपील जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से की जा रही है। खूंटी, सिमडेगा सहित अन्य जिलों ने तो बकायदा विज्ञापन जारी कर खिलाड़ियों से इसका लाभ उठाने को कहा है।

राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने 10 जून 2022 के बाद अंतर्राष्ट्रीय, भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किया हो, उन्हें सम्मान राशि का लाभ राज्य की नयी खेल नीति के आधार पर मिलेगा। यहां तक कि अगर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी भी हुई हो तो राज्य सरकार उन्हें लाभान्वित करेगी।

जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से यह भी बताया जा रहा है कि जिले या खेल विभाग की वेबसाइट से योग्य खिलाड़ी आवेदन पत्र प्राप्त कर खेल विवरणी के साथ निर्धारित अवधि (15 अप्रैल) तक अपना आवेदन डी एस ओ कार्यालय में जमा कर दें।

### दो वर्षों से सम्मान राशि के इंतजार में खिलाड़ी

**दूसरी** ओर कुछ खिलाड़ियों और खेल संघों के प्रतिनिधियों ने कहना है कि कोविड के दूसरा फेज (2021) के प्रकोप के बीच जून माह के आखिरी सप्ताह में राज्य भर से कई खिलाड़ियों ने मेल के जरिये सम्मान राशि के लिए फॉर्म भराया गया था। फिर 2022 में भी जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से इसे भराया गया। अब उसके बाद एक बार फिर तीसरे वर्ष का विज्ञापन आया है। एक बार और आवेदन वे कर तो देंगे पर केवल आवेदन ही मांगे जाएंगे कि सम्मान राशि का भी लाभ मिलेगा, यह संदिग्ध है। समय पर इसका लाभ मिलने से उनका मनोबल बढ़ता और वे आगे की प्रतियोगिताओं के लिए अपनी तैयारियां भी कर पाते।

# राजा राम और राज्य के दाता राम में अंतर है : निर्मला बहन

## ब्रह्मकुमारी विवि की केंद्र संचालिका ने रामनवमी पर कहा- त्रेतायुग के राम पावन हैं, पर अशरीरी रामेश्वरम पतित पावन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने रामनवमी के शुभ अवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि राजा राम और राज्य के दाता राम में अंतर है हम अनुभव के आधार पर कह सकते हैं कि वास्तव में राम दो हैं। एक हैं त्रेतायुग के चौदह कला वाला सम्पूर्ण राजा राम और दूसरे हैं राज्य भाग्य के दाता राम। जिनकी कलाओं का प्रश्न ही नहीं उठता और वे सदा निर्लिप्त हैं। इसलिए उन्हें रामेश्वरम कहा गया है।

उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में रामेश्वरम नाम से उनकी याद में मंदिर भी है। उन्हें ही शिव भी कहा जाता है। वह अशरीरी अथवा अकाय है जबकि त्रेतायुग वाले दशरथ पुत्र राम अशरीरी नहीं बल्कि शरीरधारी हैं। रामनवमी का त्योहार त्रेतायुग के राजा राम के शारीरिक जन्म की याद में मनाया जाता है जबकि शिवरात्रि का त्योहार रामेश्वरम शिव के दिव्य अवतरण की याद में मनाया जाता है। त्रेतायुग के राम पावन हैं परंतु रामेश्वर आर्थात अशरीरी शिव पतित पावन हैं। रामायण में इन दोनों की जीवन कहानी को मिला दिया गया है और लोग उनके अध्यात्मिक तथा अलौकिक अर्थ नहीं जानते बल्कि वे लौकिक व भ्रांतिपूर्ण अर्थों पर अड़े हुए हैं। वास्तव में यह कलयुगी दुःखी संसार है, कांटों का बन है और यह शरीर ही पंचवटी है। इसमें अत्मा रूपी सीता रहती है। मन में लक्ष्य को धारण करने की जो आज्ञा है वही अब लक्ष्मण की खींची हुई लकीर है जिसका उल्लंघन करना आत्मा रूपी सीता के लिए मना है। माया रूपी रावण और किसी तरह न फुसला सकने पर भिखारी के वेश में भी आता और सीता रूपी आत्मा उसे न पहचान कर रावण द्वारा बन्दी बना ली जाती है। इस प्रकार सर्व आत्माओं के धर्म की हानि होने पर अशरीरी राम रामेश्वर अर्थात परमात्मा शिव मनुष्य शरीर धारण करके उसमें प्रविष्ट हो के सीताओं को रावण माया से मुक्त करने का दिव्य कर्तव्य करते हैं। उस समय के धर्महीन वानर विकारी मनुष्यों को राम अथवा निदेशक बनकर पत्थर बुद्धि आत्माओं द्वारा ही संसार सागर पर तैरता हुआ ज्ञान पुल बनवाते हैं । जिसके साथ से माया रूपी रावण का अन्त करते हैं। अतः अब रामनवमी के इस शुभ दिवस पर अर्थात त्रेतायुगी राजाराम के शुभ जन्मोत्सव पर हमें यह व्रत लेना चाहिए कि हम भी परमपिता निराकार शिव के ईश्वरीय ज्ञान को धारण करके अपने जीवन को भी सर्वगुण सम्पन्न, सम्पूर्ण निर्विकारी और पूर्ण अहिंसक बनायेंगे ताकि भारत में फिर से सही अर्थ में राम राज्य की स्थापना हो। जिसकी इच्छा बापू जी भी करते थे।

# अब प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रम में स्कॉलरशिप को 10 अप्रैल तक होगा आवेदन

**रांची।** राज्य में और राज्य से बाहर प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में पढ़ने के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए शैक्षणिक संस्थान स्कॉलरशिप का लाभ देने को अब 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, मोरहाबादी की ओर से अवधि विस्तार के संबंध में सूचना जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक ऐसे एसटी, एससी और पिछड़ी जाति के छात्र- छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप योजना के लिए अब 10 अप्रैल तक आवेदन होगा। शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए शैक्षणिक संस्थान ई-कल्याण पोर्टल पर अब नयी विस्तारित अवधि तक पंजीकरण कर सकते हैं। स्टूडेंट्स के लिए आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 20 अप्रैल तक तय है। संबंधित शैक्षणिक संस्थान के द्वारा चिन्हित स्टूडेंट्स के द्वारा किए गए आवेदनों का सत्यापन 29 अप्रैल तक होगा।

## स्पीड न्यूज

### समाजसेवी धीरज मिश्रा ने महापौर से की पीसीसी सड़क निर्माण की मांग



**मेदिनीनगर।** रेडमा रांची रोड वार्ड नंबर 16 अंतर्गत श्री जय साह जी के घर से लेकर रघुनाथ प्रसाद जी के घर तक सड़क और नाली का मुआयना करने आई डालटनगंज नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर को सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने मुहल्ले की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने पी सी सी सड़क निर्माण कराने और नाला की सफाई कराकर नाला पर स्लैब निर्माण कराने की मांग की।

### फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मेन रोड स्थित गुलमोहर हॉस्पिटल के सामने गुरुवार को फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन डॉ प्रमोद कुमार वर्मा तथा समाजसेवी राजीव रंजन ने किया। डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि यहां मरीजों के लिए फिजियोथेरेपी सेंटर की आवश्यकता है। वहीं संचालक डा मुकेश कुमार ने बताया कि हड्डी नस जकड़न, कंधा, कमर, घुटना दर्द, साईटिका, आदि के मरीजों का फिजियोथेरेपी एक्सरसाइज तथा सेकाई आधुनिक मशीन से होगा। मौके पर पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विनय स्वर्णकार, अजय कुमार, आशुतोष शर्मा, रामप्रकाश यादव, प्रेमचंद कुमार, बिट्टू कुमार, अभय कुमार, राजू शर्मा शंभू यादव आदि थे।

### रामनवमी : पुलिस ने किया पैदल मार्च



**हुसैनाबाद पलामू।** क्षेत्र में रामनवमी जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों ने पैदल मार्च निकाला। जिसमें स पु अ नि शैलेंद्र सिंह, सीताराम सिंह, विनोद राम, सोमप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, जिम्मी हांसदा, सूचित राणा, रामबालक सोरेन, ठाकुर दास मांडी आदि थे।

### आस्था का मिसाल है मां झलखंडी मंदिर



**तरहसी पलामू।** मंझौली पंचायत के मझिगवां में अमानत नदी तट पर सुरमई और शांत वातावरण में प्राचीन देवी तीर्थ स्थल मां झलखंडी मंदिर में चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी में हजारों श्रद्धालु दिया जलाने आते हैं और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता झारखंडी दरबार में रात भर दीपक को जलाकर जागरण करते हैं। रामनवमी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिलता है।

### भक्ति से मिलती है शक्ति : भोला पांडे




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर ने सांस्कृति कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेनरल के संरक्षक सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, जेनरल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जेनरल संरक्षक सह पत्रकार धर्मेंद्र जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में कोलकाता से आये कलाकार राजू हलचल रिया एवं प्रिया ने एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत की। जिसमें देवों के देव महादेव की शिव बारात काफी चर्चा व प्रशंसा में रही। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि भक्ति से मिलती है शक्ति। मौके पर संरक्षक उमेश जयसवाल, संजय जयसवाल, लड्डू जायसवाल, धीरज जायसवाल, उपाध्यक्ष दीपक जायसवाल, शशांक सुमन भी मौजूद थे।

### रामगढ़ प्रखंड सभागार में हुई बैठक



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की प्रथम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी ने की। सीओ और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सप्ताह में एक दिन प्रखंड कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। बैठक 20 सूत्री उपाध्यक्ष उदय यादव ने सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। निर्देश दिया कि अगले बैठक में विभागवार समीक्षा की जायेगी। बैठक में बीडीओ पार्थ नंदन, 20 सूत्री अध्यक्ष- कलीम अंसारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष- उदय यादव, सदस्य- दीपनारायण प्रसाद, विनय पासवान, दिनेश सिंह, मोतीलाल मुंडा, प्रखंड खाद आपूर्ति विभाग रजनीकांत पांडे, कनीय अभियंता दिनेश चंद्रवंशी गणेश उरांव, सहायक अभियंता सुनील कुमार यादव जेपीएस गिरवर उरांव, पंचायत सेवक ताहिर अली उदयराम समेत अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### महावीर जी भवन में राम चरित्र मानस नवाह परायण यज्ञ का समापन




**हुसैनाबाद पलामू।** जपला नगर क्षेत्र अंतर्गत श्री महावीरजी मंदिर में आयोजित चैत नवरात्र के उपलक्ष्य पर श्री राम चरित्र मानस नवाह परायण यज्ञ दूसरे वर्ष का गुरुवार को समापन किया गया, जिसमें भव्य भंडारा और आचार्य सम्मान समारोह किया गया। मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने यज्ञ आचार्य गोपाल पाठक समेत सभी आचार्य गणों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं आरएसएस के जिला संघ चालक व यज्ञ के संरक्षक मिंटू अग्रवाल,कामख्या नरायन सिंह ने यज्ञ ब्रामभनो के भोजन सेविका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।मौके पर आरपीएस पब्लिक स्कुल के संस्थापक लड्डू कुमार सिंह,अधिवक्ता आलोक कुमार सिन्हा, रामनवमी समिति के संजयोजक आलोक नाथ केशरी, उप डाकपाल अरविंद ओझा, राजेंद्र प्रसाद, अजय गुप्ता, प्रेमतोष कुमार सिंह, सचिन आनंद, उदय नाथ विश्वकर्मा, मंजय चौधरी, जयप्रकाश तिवारी एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक प्रकाश लाल श्रवन लाल, अजीत अग्रवाल अग्रवाल, अध्यक्ष राकेश तिवारी, उत्तम कुमार, संजय सोनी, राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू, राजीव रंजन शौंडिक, सुबोध शौंडिक थे।

# रामनवमी पर राममय हुआ पलामू सड़कों पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

- पलामू जिला में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पर निकली झांकी
- राम के जयकारे के साथ लाखों रामभक्तों ने झूम उठे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरे पलामू जिला में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पर्व को धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय से प्रखंड मुख्यालय, पंचायत स्तर के प्रत्येक गांवों में भगवान श्रीराम की झांकी, झंडा के साथ लाखों रामभक्तों ने प्रभु श्री राम के जयकारे लगाते हुए झूमते हुए नजर आये। पलामू जिला रामनवमी के एकम से लेकर नवमी तक राममय हो गया।


**खास बातें :** लोगों ने भगवान राम की अटूट श्रद्धा देखने को मिला। विभिन्न पूजा समितियों के साथ ही साथ मंदिरों को आकर्षित रूप से सजाया गया था। जहां पर श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना करते नजर आये। जिला मुख्यालय में भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा भव्य तरीके से विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा आकर्षित रूप से निकाली गई। जिसमें महिला, पुरूष व बच्चे सारे भेदभावों को मिटाते हुए एकजुट होकर शामिल हुए। वहीं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन भी पूरे मुस्तैदी के साथ लगा रहा। नवमी के जुलूस पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया। शोभा यात्रा के दौरान पलामू जिला एवं झारखंड राज्य से बाहर के राज्यों से आये हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक झांकी प्रस्तुत किया।

# भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने की जरूरत: डॉ शशिभूषण मेहता

➲ रामनवमी पूजा कमेटी ने किया भक्ति जागरण का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** रामनवमी का त्योहार पूरे पांकी प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर पांकी रामनवमी पूजा कमेटी ने मंदिर परिसर में भक्ति जागरण का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रमुख पंचम प्रसाद, भाजपा नेत्री, प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा लवली गुप्ता, पांकी अंचल पदाधिकारी निर्भय कुमार, थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, मंदिर कमिटी के अध्यक्ष मुरली प्रसाद, चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सह समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद, मुखिया प्रेम प्रसाद,पप्पू यादव,भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, उप प्रमुख अमित चौहान, उप मुखिया अनारिक राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**क्या बोले विधायक :** मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ मेहता ने कहा क आज पूरे देश में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया जा रहा है। कहा जाता है कि चैत मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म हुआ था। इसी कारण से हिंदू धर्मावलंबी प्रत्येक वर्ष जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रामनवमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाते हैं। इनके आदर्शों को सभी लोगों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

# पलामू में धार्मिक गीतों पर थिरकते नजर आये रामभक्त

- रामनवमी जुलूस में कलाकरों ने दिखाये करतब
- कई संगठनों ने वितरण किया नाश्ता व पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर विभिन्न रामनवमी समितियों के द्वारा भव्य व ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त भगवा ध्वज, तलवार भाले एवं फरसा लेकर राम भक्तों ने रामनवमी के गीतों पर डीजे के धुन पर थिरकते हुए जय श्रीराम जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। कई जगहों पर विभिन्न हिंदू संगठनों ने उनका स्वागत किया गया एवं अंग वस्त्र एवं तलवार का वितरण भी किया। हिंदी हिंदू संगठनों ने जगह जगह पर खाना नाश्ता एवं पानी के साथ शीतल पेय पदार्थ की व्यवस्था की थी।




**खास बातें :** मोहर्रम इंतजामया कमेटी के अध्यक्ष जीशान खान एवं उनके पदाधिकारियों ने महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर एवं उनके पदाधिकारियों को साफा बांधकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान कई कलाकारों ने अपने अपने शौर्य एवं कला का प्रदर्शन किया। मौके पर जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार हर वर्ष आपसी भाईचारे के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल होकर शोभा यात्रा को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि भगवा हमारे सनातन धर्म का प्रतीक है तो तिरंगा हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है । मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के पदाधिकारियों में गणेश गिरी विजय ओझा, मनोज सिंह मंगल सिंह, बबलू गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र नागिन, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया सुरेश टॉम, रंजीत चन्वंशी, अभिषेक राज, प्रभात अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, छोटू अग्रवाल, सुरेश चंद्रवंशी, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह समेत जेनरल के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने दी जानकारी
# दो अप्रैल को पांकी आयेंगे पूर्व सीएम रघुवर दास,कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दो अप्रैल दिन रविवार को पांकी में होंगे। उक्त जानकारी पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने दी। वे पत्रकारों से मुखातिब थे। विधायक डॉ मेहता ने कहा की श्री रघुबर दास उक्त तिथि को पांकी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

विधायक ने कहा की पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री श्री दास का दोपहर 1:30 बजे पाँकी आगमन होगा । पांकी पहुंचने पर श्री दास सर्वप्रथम सांप्रदायिक हिंसा प्रभावितों से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2:30 बजे भोजन ग्रहण करने के उपरांत विधानसभा क्षेत्र के तरहसी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए निकलेंगे। डॉ मेहता ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री दोपहर 3:30 बजे तरहसी प्रखंड अन्तर्गत शहीद मंगल पांडेय चौक (मिडिल स्कूल चौक) में शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा स्थापना के लिए शिलान्यास करेंगे साथ ही जन चौपाल को संबोधित करेंगे। मौके पर क्षेत्रीय विधायक डॉ मेहता के साथ कई भाजपाई उपस्थित थे।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पांकी विधायक व अन्य भाजपाई।

## हरिहरगंज: श्री राम के जयघोष के साथ रामनवमी का जुलूस निकला

>> दो दर्जन से अधिक अखाड़ों के महावीरी झंडो के साथ हजारों लोग शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को रामनवमी पूजा परम्परागत तरीके से संपन्न हो गया। मुख्य शोभायात्रा रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर से निकाली गई। इसमें 28 अखाड़ा के बड़े महावीरी झंडा तथा सैकड़ो छोटे झंडा, डीजे, बाजे गाजे, ढोल ताशा, छोटे बड़े वाहन के साथ हजारों लोग शामिल हुए। इससे पहले मुख्य समारोह स्थल पर एनसीपी प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह तथा भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह को पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा की गई जय श्री राम के जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र राममय बन गया। जुलूस में शामिल भोलेनाथ चले कैलाश सहित अन्य झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। जुलूस मेन रोड, न्यू बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से होकर गुजरती गयी।

## विश्रामपुर : हर जुबा पर एक ही नाम, जय श्री राम...जय श्री राम...

>> रेहला में निकला राम नवमी का भव्य जुलूस, राम रथ व राम दरबार का झांकी रहा आकर्षण का केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर, रेहला व आस-पास के दर्जनों गांव में रामनवमी का भव्य जुलुस निकला। जुलुस में राम भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। पूजा-अर्चना के बाद रामनवमी का जुलूस रेहला महाबीर चौक से शुरू हुआ। जुलूस ओवर ब्रिज होते हुए थाना चौक, रेलवे स्टेशन चौक, सिद्धपीठ श्री योगिबिर बाबा देवस्थल, बी मोड़, डंडिला खुर्द, एबीसीआईएल मेंन गेट होते हुए रेहला शुक्र बाजार पहुंचा। जहां जय श्री राम के नारों के बीच जुलूस का समापन हुआ। जुलुस में शामिल हर व्यक्ति के जुबा पर एक ही नारा था, जय श्री राम। जुलूस में भव्य राम रथ व आकर्षक राम दरबार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। रेहला के जुलूस में गुरहा, विशुनपुर, डंडिला, गोदरमा, केतात सहित दर्जन भर गांवों के जुलूस मिले।

### श्रीरामनवमी कमेटी तोलरा ने निकाली शोभायात्रा



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा ग्राम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जो देवकुर पुजा स्थान से पुरा गांव महाविरी झण्डा घुमाया गया। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम जय श्रीराम के नाम के साथ गांव भ्रमण किया। जगह-जगह स्वागत में रामभक्त के लिए ग्रामीण द्वारा जलपान की व्यवस्था किया गया था। पूरा गांव भ्रमण के तोलरा के महिला नेत्री शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों को अंगवस्त्र प्रदान की। कमेटी ने भी शोभायात्रा में शामिल सभी भक्तों को अंगवस्त्र प्रदान किया। शोभायात्रा में शामिल 7वर्ष से भी कम उम्र के 6बच्चों को कमिटी ने सम्मानित किया।

### पाटन : रामनवमी को लेकर भक्तों ने निकाली झांकी



**पाटन पलामू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी पर्व धूमधाम से शांतिपूर्ण माहौल में मना। इसे लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से रामनवमी का झांकी निकाली गई । पुरे पाटन क्षेत्र में जय श्री राम के नारे के साथ गुंजता रहा। पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह, गहर पथरा, भुडवा, बरवाखाड, बरहमोरिया, नानही झरिया इत्यादि जगहों से रामनवमी कमेटी के लोगों ने झांकी निकाली। मौके पर गहरा पथरा नवयुवक संघ के अध्यक्ष बीटु सिंह, सचिव रौशन सिंह, आनंद सिंह, मनोज मेहता, बासदेव शुक्ला, नवीन सिंह, विरेन्द्र पासवान, महेंद्र तिवारी, अशोक तिवारी, रामप्रवेश सिंह उपस्थित थे।

### सूर्या सिंह ने दौरा कर कार्यकर्ताओं से मिले



**हुसैनाबाद पलामू।** एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह व प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने बुधवार को मोहम्मदगंज प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा कर गांव स्तर के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ राजनीतिक व विकास पर विचार विमर्श किया। उन्होंने विधायक कमलेश सिंह के निर्देश पर गांव में विधायक कोटा की योजनाओं का चयन ग्रामीणों की सर्वसम्मति से किया। गांव के दौरे के क्रम में युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि गांव की योजना गांव के लोगों के द्वारा चयन करने का काम 2019 से लगातार हो रहा है। इस बीच वह गांव के युवा खिलाड़ियों से भी मिले। उनका हाल जाना। खिलाड़ियों ने टीम सूर्या के बैनर तले चल रहे टूर्नामेंट की सराहना की।

## सतबरवा : रामनवमी को राम भक्तों ने निकाला भव्य जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** रामनवमी का विशाल जुलूस सतबरवा में गुरुवार को निकाला गया। जुलूस के दौरान जय श्री राम, बजरंग बली की जय तथा घर-घर में भगवा लहरायेगा वाला नारा गुंजता रहा। रामनवमी जुलूस सुबह में बांके बिहारी राधा कृष्ण मंदिर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर महावीर चौक मेन बाजार, रामघाट, मुरमा, दुलसुलमा से पहुंचे जुलूस के साथ झंडा मिलान किया गया। वहीं शाम में विसर्जन जुलूस महावरी झंडा और प्रतिमा के साथ सतबरवा में निकाला गया। जुलूस मेन बाजार, मस्जिद रोड होते हुए मेलाटांड़ पहुंची। मेलाटांड़ में बोहिता, धावाडीह, रेवारातू, पोंची, सेहरा, लोहरा पोखरी के अलावा दर्जनों गांव से पहुंचे जुलूस में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ झंडा मिलन किया गया।

### रक्तदान शिविर कल

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर चर्च रोड स्थित बैंक परिसर में एक अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी जेआरजी बैंक के प्रबंधक ने दी।

### एसबी एलिट स्कूल का परीक्षाफल जारी

**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के एसबी एलिट पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश वर्मा और विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंदन कुमार, निदेशक सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। जिसमें सभी वर्ग में प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रबंधन ने पुरस्कार दिया।

## नगर स्वच्छ रखने में महिलाओं की भूमिका अहम : शशी कुमार

>> नप से स्वच्छता को लेकर स्वयं सहायता समूहों ने निकाला मशाल जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हुसैनाबाद पलामू।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार नगरीय विकास सचिव के निर्देश पर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मशाल जुलूस निकाला गया जिसमें हर वार्ड क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिलाओं ने हाथ मे मशाल लेकर जागरूकता अभियान चलाया,मौके पर महिलाओं ने आजादी के अमृत उत्सव, हमारा शहर स्वच्छ एवं सुंदर हो आदि कई नारा लगा रही थी।कार्यक्रम का नेतृत्व अपने अपने क्षेत्र के वार्ड पार्षद सदस्य कर रहे थे। सभी समूहों का जुटान बक्शी उच्च विद्यालय में किया गया उसके बाद एक जुलूस के शक्ल में सभी महिलाएं नगर भ्रमण की।

## पर्यावरणविद कौशल किशोर ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन, कहा
# युवा, खेल, कला, संस्कृति और वन सभी पर्यावरण के अंग और राष्ट्र की धरोहर हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के पंचायत डाली बाजार के बैकुंठपुर धाम(नवाटोली) में रामनवमी पूजा के अवसर पर नवयुवक कमिटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन मुकाबला के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता जोड़कर कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि युवा, खेल, कला और संस्कृति ये सभी वन और पर्यावरण के अंग ही नहीं बल्कि राष्ट्र के धरोहर भी है। इन सबकी हिफाजत की जिम्मेवारी समाज के सभी लोगों का है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की जिक्र करते हुए कहा कि हाल की दिनों में हमारी देश की सभ्यता संस्कृति पर पाश्चात्य सभ्यता बेतहासा हावी होते जा रहा है। सभ्यता संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से वे केवल झारखंड ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी जब कभी किसी कार्यक्रम का शुभारंभ करते है तो फीता जोड़कर ही करते रहे हैं। कहा कि किसी भी मुल्क के युवा वहां के विकास का बुनियाद होते हैं।



**खास बातें :** सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला में व्यास गुड्डू रंगीला (बिहार) और अजीत हलचल (पलामू) के बीच गायन मुकाबला हुआ। श्रोताओं ने गीत संगीत का जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के आयोजक अरुण पासवान, नवयुवक कमेटी के अध्यक्ष राजू रंजन विश्वकर्मा सचिव प्रसाद सिंह अध्यक्षता श्यामदेव पासवान व संचालन श्रवण जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के उप मुखिया अफजल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि जुबेर अंसारी, रामजी प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद, रमेश विश्वकर्मा, राजेश्वर विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, धर्मदेव यादव, भूषण प्रसाद, रामप्रवेश प्रसाद, लल्लू प्रसाद, विकास कुमार, विनोद यादव, श्याम बिहारी सिंह, अर्जुन शर्मा, संतोष प्रसाद, जगदीश राम, द्वारिक ठाकुर, कैलाश यादव भी थे।

# हैदरनगर शक्ति पीठ धाम में सदियों से लगती हैं प्रेत मेला

➲ देश के कई राज्यों से आते हैं श्रद्धालु, आस्था की भूत मेला

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र हैदरनगर शक्तिपीठ देवी धाम, जहां हर साल लगता हैं प्रेतों का मेला इसे चमत्कार कहिए या फिर अटूट आस्था की संगम, यहां झारखण्ड, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत देश भर के कई राज्यों से आते है श्रद्धालु। सदियों से लगती आरही हैं भूतों का मेला ऐसे यहाँ देवी शक्तिपीठ धाम के नाम से प्रसिद्ध हैं जहां की देवी शक्ति को अद्भुत माना जाता है। लोगों का मानना है कि कालांतर के इतिहास काल से ही यहां देवी शक्ति का संचार हुआ है जिनकी महिमा अपरंपार हैं। यहां हर वो व्यक्ति की मन्नतें पूरी होती हैं। वहीं मंदिर समिति भीड़ को देखते हुए मेले के दायरे को पहले के अपेक्षा बहुत बड़ा कर दिया।



**खास बातें :** इस मंदिर परिषर हिंदू धर्म के देवी देवता के साथ एक मजार भी हैं जिसे जिन बाबा के नाम से जाना जाता हैं जहां लोग मेले में आये श्रद्धालुओं के द्वारा फतवा भी किया जाता है। इस मेले के सबसे दिलचस्प नजारा भूतों के खेलते और बोलते हुए देखने से मिलता हैं कई राज्यों से ओझा गुनी, तांत्रिकों का इस मेले में जमावड़ा रहता है। 12 माह के अंदर शारदीय नवरात्र हो या चैती नवरात्र, दोनो में यही नजारा देखने को मिलेगा,लोगो का मानना हैं कोई भी व्यक्ति शैतानी हरकत से जो परेशान रहता हैं, वह यहां माता दरबार मे हाजरी लगता हैं और सभी भूत -पिचास, प्रेत माता की कृपा से भाग जाता है।

# बिहार सबसे पीछे

देश के दस लाख सरकारी स्कूलों में से सिर्फ 2.47 लाख स्कूलों के पास इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। यह संख्या महज 24 फीसदी बैठती है। दिल्ली और चंडीगढ़ अपनी पीठ थपथपा सकते हैं कि वहां स्कूलों में सौ फीसदी इंटरनेट की उपलब्धता है। वैसे देश की राजधानी दिल्ली व दो प्रदेशों की राजधानी चंडीगढ़ में ऐसा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जानी चाहिए, क्योंकि ये शहर देश के नीति-नियंताओं के केंद्र हैं और यहां संरचनात्मक ढांचा सबल है। लेकिन बाकी राज्यों में पंजाब का बेहतर प्रदर्शन सुखद ही है। पंजाब में करीब 47 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो सकी है। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की उपलब्धता का 29 फीसदी रहना चौंकाता है। सरकार की तरफ से स्कूलों में लाखों टैब व लेपटॉप बांटने व कई अभियानों के बावजूद प्रतिशत कम रहना एक यक्ष प्रश्न है। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में 27 फीसदी व जम्मू कश्मीर में महज 22 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हो पायी है। दरअसल, हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में बताया था कि देश के महज 24 फीसदी सरकारी स्कूलों में ही इंटरनेट की उपलब्धता है। जिसमें बिहार की स्थिति सबसे खराब है जहां महज 5.8 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। कमोबेश मिजोरम में 5.9 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश में 8.8 फीसदी की उपलब्धता भी चिंताजनक स्थिति को दशार्ती है। इसी तरह ओडिशा में भी महज आठ फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सेवा की उपलब्धता है। बड़े राज्यों में सबसे सुखद स्थिति केरल की बतायी जाती है जहां 94.5 फीसदी सरकारी स्कूल इंटरनेट कनेक्टिविटी से युक्त हैं। इसी तरह गुजरात में भी 94.1 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है।


# बैंको में बुरे अनुभव

एक ग्राहक के रूप में हमें सबसे खराब अनुभव बैंकों और वित्तीय सेवाओं से प्राप्त होता है। शेयर और बीमा निवेश योजनाओं को लेकर झूठे वादे, पारंपरिक बीमा योजनाओं के नुकसानदेह नतीजे और ऐसी योजनाओं में फंसा दिया जाना आम है जिनसे आप बाहर नहीं निकल पाते।ऐसे भयावह अनुभव की दो वजह हैं। पहली, इनमें से अधिकांश योजनाएं अथवा सेवाएं अमानक हैं। सफाई के लिए तैयार लिक्विड के उत्पादन और लाभ का मानकीकरण किया जा सकता है ताकि वे सभी सफाई का काम करें। वित्तीय सेवाओं के मामले में ऐसा नहीं किया जा सकता है क्योंकि यहां कुछ उत्पाद कुछ ग्राहकों के काम आते हैं जबकि जरूरी नहीं कि वे दूसरों के लिए भी उपयोगी साबित हों। खासतौर पर तब जब हम बात करते हैं बाजार संबद्ध योजनाओं की। दूसरी वजह है नियमन का कमजोर प्रवर्तन। खासतौर पर बैंकिंग और बीमा सेवाओं के लिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का नियामकीय दर्शन है दिशानिर्देश जारी करना और शिकायत निवारण करने की एक प्रक्रिया तय करना। रिजर्व बैंक यह जानने को लेकर बहुत उत्सुक नहीं है कि ये दिशानिर्देश और प्रक्रियाएं जमीन पर किस प्रकार काम करती हैं। खातों को बिना किसी भेदभाव के फ्रीज करना कितना सही है। बैंक बिना समुचित चेतावनी या नोटिस के केवल केवाईसी अपडेट न होने जैसी छोटी सी वजह पर बचत और चालू खाते को फ्रीज कर देते हैं। कागज पर मौजूद प्रावधानों के मुताबिक आरबीआई को किसी भी तरह का कदम उठाने के पहले ग्राहकों को कम से कम तीन नोटिस भेजने चाहिए। रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि केवाईसी को अपडेट करने के लिए ग्राहकों को जो नोटिस भेजे जाएं उनकी डिजिटल छाप हर बैंक के पास उपलब्ध रहे। क्या हमें इतना भी अधिकार नहीं है।

# रामभक्तों की निराली फिजां है हजारीबाग की



**रामभक्तों** के शहर हजारीबाग में झंडा पर्व की फिजां निराली लगती है। सद्भावना, एकता और भाईचारगी का मिसाल हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नाजारा आज देर शाम दिखेगा। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारगी का संदेश देने हेतु हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भुत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की पुरनूर झंकार और गडगड़ाहट, लाठियों के तड़तडाहट, नुक्कड़ों के शोर के जोर संग थिरकते-नाचते- झूमते सड़क पर उतरेंगे। यह धार्मिक जुलूस जो अनवरत कल देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें-नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आँखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला- कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, देवों के देव महादेव और वीर बजरंगबली के नारे से हजारीबाग के चारों दिशाएँ गूंज उठती है। इन मनभावन, अद्वितीय, अनुपम, खुशगवार दृश्यों का अवलोकन करने हेतु दूर- दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ता है। हजारीबाग की रामनवमी जुलूस यहां की तहजीब समृद्धि सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक बन चुका है। यहां रामनवमी अतिविशिष्ट लोक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मनाये भी क्यों नहीं, यह उनका जन्मदिन का उमंग है, जो पापी, अत्याचारी और अधार्मिक व्यक्ति को भी सन्मार्ग पर लाकर श्रेष्ठ व्यक्ति बना सकते हैं। वे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हजारीबाग वासियों द्वारा विशेष तरीके से मनाया जाता है। भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र और धार्मिक उपदेश को पहल करके मनुष्य उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के सेवार्थ स्थानीय झंडा चौक स्थित सदर विधायक श मनीष जयसवाल के कार्यालय परिसर में विधायक सेवा केंद्र की स्थापना गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी की गई है जहां श्रद्धालुओं के सेवार्थ अल्पाहार हेतु चना और पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी और खोया- पाया केंद्र भी लगाया जाएगा ।



-रंजन चौधरी

> इन मनभावन, अद्वितीय, अनुपम, खुशगवार दृश्यों का अवलोकन करने हेतु दूर- दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ता है। हजारीबाग की रामनवमी जुलूस यहां की तहजीब समृद्धि सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक बन चुका है। यहां रामनवमी अतिविशिष्ट लोक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मनाये भी क्यों नहीं, यह उनके जन्मदिन का उमंग है।

रामनवमी जुलूस के सौहार्दपूर्ण संचालन के लिए सदर विधायक मनीष जायसवाल, रामनवमी महासमिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण के अलावे जिला प्रशासन, सभी राजनीतिक दलों के लोग, सद्भावना समिति के लोग, सभी धर्म- संप्रदाय के लोग, समाजसेवी, शिक्षाविद्ध, प्रेस- मीडिया और हजारीबाग के प्रबुद्ध लोगों के साथ समस्त आम-आवाम जुलूस में तैनात रहेंगे जुलूस के संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भी विधि व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है। जिले के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार जुलूस मार्ग का खुद निरीक्षण कर रहे हैं। शहर में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे के अलावे ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जा रही है ।

कोरोना के विध्वंस कारी स्वरूप ने पिछले 2 वर्ष जो भयावह स्थिति पैदा किया उसके कारण हजारीबाग के रामनवमी शोभायात्रा का पारंपरिक स्वरूप हजारीबाग की सड़कों पर 02 वर्षों तक यानी साल 2020 एवं 2021 में नहीं दिखा। दो वर्ष बाद साल 2022 में पारंपरिक रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर राम भक्त उत्साहित दिखे। कोविड प्रोटोकॉल के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया गया। वर्तमान वर्ष कोविड प्रोटोकॉल पूरी तरह समाप्त होने के बाद राम भक्तों का उत्साह वैभव पर है लेकिन उनके उत्साह को झारखंड सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर पाबंदी कर कम करने का प्रयास किया गया। हालांकि विधायक मनीष जायसवाल इसे लेकर जिस शिद्दत के साथ सड़क से लेकर सदन तक मुखरता से आवाज बुलंद करते रहे और लगातार अखाड़ा धारियों तक परंपरागत हथियार लाठी और तलवार पहुंचा रहे हैं और उनका हौसलाअफजाई करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने का अपील कर रहे हैं उससे राम भक्त भक्ति में हो चुके हैं। हजारीबाग के हरेक रामभक्त के रोम- रोम में राम नवमी का जुनून सवार दिख रहा है। 100 से अधिक वर्ष का रामनवमी जुलूस का पारंपरिक इतिहास एक बार फिर दोहराने को बेताब है। हजारीबाग में रामनवमी लोकउत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस धार्मिक उत्सव के दौरान वृहत स्तर पर समाज के कई वर्गों को रोजगार भी मिलता है। जिसमें तासा पार्टी, साउंड वाले, झंडों के व्यवसाई, झांकी के सामग्री विक्रेता, फ्लेक्स, पोस्टर, रशीद छपाई वाले, मिठाई वाले, पूजन सामग्री विक्रेता, गाड़ी वाले, पारंपरिक हथियार विक्रेता, कपड़ा विक्रेता, मूर्तिकार, ठेला - खोमचे वाले सहित अन्य के लिए रोजगार सृजन का माध्यम है। वर्तमान वर्ष हजारीबाग की रामनवमी में सरकार और प्रशासन द्वारा डीजे पर पाबंद लगाने से अखाड़ा धारियों पर वित्तीय बोझ बढ़ा है और ताशा पार्टी की कमी की वजह से अखाड़ा धारियों को बढ़िया तासा भी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन अब यह भविष्य के गर्भ में है कि जुलूस पर सरकार की पाबंदी कितना कारगर होती है ।

हजारीबाग के सनातन धर्म प्रेमियों व भक्तजनों से अपील है कि शांतिपूर्ण तरीके से परंपरागत रूप से जुलूस में भाग लें और इसे सफल बनाएं ।

मीडिया प्रतिनिधि, सदर विधायक, हजारीबाग ।

## खास बात

### अयोध्या और जीवन संस्कार के संदेश

प्रभुनाथ शुक्ल

**श्रीराम** हमारे आराध्य हैं। वह सनातन संस्कृत के ध्वजवाहक हैं। राम सिर्फ मयार्दा पुरुषोत्तम ही नहीं हमारे समग्र संस्कार में समाहित हैं। राम के बिना पूरी हिंदू संस्कृति अधूरी है। वह जीवन दर्शन हैं। श्रीराम हमारे संस्कार हैं। हमें सद्चरित्र देते हैं। अत्याचार से लड़ने की ताकत देते हैं। विषम परिस्थितियों में भी जीवन को कैसे जिया जाए यह भी बताते हैं। श्रीराम के लिए धन, वैभव, यश, मान, सम्मान से कहीं अधिक ऊंचा उनका आचरण है। उपकार और परोपकार उनका जीवन दर्शन है। इसलिए राम हमारे कण-कण में विराजमान है। श्रीराम को भगवान के रूप में पूजने के बजाय हम उन्हें लोकनायक के रूप में अधिक समझ सकते हैं। अयोध्या श्रीराम की जन्मभूमि तो है ही, वह संपूर्ण जीवन संस्कार है। हिंदू धर्म की पौराणिक मान्यता के अनुसार अयोध्या सप्त पुरियों मथुरा, माया , काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका में शामिल है। श्रीराम की नगरी अयोध्या को अथर्ववेद में भगवान की नगरी कहा गया है। अयोध्या के शाब्दिक विश्लेषण से पता चलता है कि अ से ब्रह्मा, य से विष्णु और ध से रुद्र यानी त्रिदेव का स्वरूप है अयोध्या। जहां ब्रह्मा, विष्णु और शंकरजी स्वयं विराजमान हैं। अयोध्या के कण-कण में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम बसे हैं। इसे हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख धर्म का मौलिक स्वरूप माना जाता है। सरयू नदी के पावन तट पर बसी है अयोध्या। इसकी स्थापना महाराज मनु ने की थी। इसे साकेत के नाम से भी जाना जाता है।

श्रीराम विकारों से मुक्त उत्तम और मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। इसीलिए उन्हें श्रेष्ठ मयार्दा का वाहक मयार्दा पुरुषोत्तम कहा गया है। वह धर्म, विवेक और आदर्श, के साथ मयार्दा और नैतिकता के प्रतीक हैं। वह मानवता के धर्मप्राण हैं। अहंकार और अविवेक रहित हैं। वह क्रोध, पाप से विलग हैं। वह समदर्शी हैं। उन्होंने अपने निहित स्वार्थ के लिए धर्म ध्वजा को कभी गिरने नहीं दिया। न्याय और धर्म को हमेशा शीर्ष पर रखा। पिता महाराज दशरथ और मां कैकेई के वचनों के अनुपालन में राजसत्ता और वनवास को त्याग दिया।

प्रजा की भावनाओं का हमेशा

# भाग्य-दुर्भाग्य

## धर्म-प्रवाह

जग्गी बासुदेव

**अपनी** ऊर्जा का पूरी काबिलियत के साथ इस्तेमाल करने की बजाय, अपने भीतर और बाहर सही वातावरण बनाने की बजाय, दुर्भाग्य से हम हमेशा ऐसी चीजें ढूंढते रहते हैं जो हमारे लिए ये सब कर दें।

आज सुबह से शाम तक आपने कैसा अनुभव किया, यह आप पर निर्भर करता है। अपने आसपास के लोगों के साथ आप का कितना टकराव है, यह सिर्फ इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने आसपास के लोगों और परिस्थितियों को तथा उनकी सीमाओं और संभावनाओं को समझने में कितने असंवेदनशील रहे। यह इस बात से बिल्कुल भी तय नहीं होता कि आप कौन सा भाग्यशाली पत्थर या तावीज पहने हुए थे। यह सिर्फ इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी संवेदनशीलता, बुद्धिमत्ता और जागरूकता के साथ अपने आसपास के जीवन को देखते हैं, काम करते हैं और रहते हैं।

एक दिन दो इंसान हवाई अड्डे पर मिले। उनमें से एक बहुत ही ज्यादा दुःखी, परेशान दिख रहा था। दूसरे ने पूछा, ह्यआप को क्या हुआ है? पहला बोला, क्या-क्या बताऊँ? मेरी पहली पत्नी कैंसर से मर गयी, दूसरी पड़ोसी के साथ भाग गई, बेटा जेल में है क्योंकि उसने मुझे जान से मारने की कोशिश की, मेरी 14 साल की बेटी गर्भवती है, मेरे घर पर बिजली गिर पड़ी, शेयर बाजार में आज मेरे सारे शेयर्स के भाव गिर गए। और आज मेरी मेडिकल रिपोर्ट आई है जिससे पता चला है कि मुझे एड्स है।

**कांग्रेस** के नेता कहते हैं कि न्यायालय को सजा परिवार की पृष्ठभूमि को देखकर देनी चाहिए।कांग्रेस न्यायालय के न्यायिक-विवेक से अपने को ऊपर समझती है, रस्सी जल गई पर बल नहीं गया। एक देश में दो विधान कांग्रेस को आज भी चाहिए, एक विधान आम आदमी के लिए एक अपने परिवार के लिए।

-सुधांशु त्रिवेद्धी

## रोचक ट्वीट

**मोडानी** के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है?

प्रधानमंत्री जी, न जांच, न जवाब! आखिर इतना डर क्यों?

– राहुल गांधी





**भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन को हार्दिक बधाई और शुभकामना। उन्होंने देश के लिये स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया।**

**-नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

– नीलेश, गढ़वा

### खेलों में जीत

**खेलों** में भारत का झंडा ऊंचा होना सचमुच गर्व की बात है। मगर इस सबके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की खेल नीति और उनके प्रयास हैं। मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो भारत के खिलाड़ियों से लगातार बातकर उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। नीरज चोपड़ा के सम्मान में हर वर्ष 8 अगस्त को भाला फेंक दिवस मनाने का ऐलान किया गया। यह गर्व का विषय है। –नवीन सिंह, रांची

# सफल करियर और बेहतरीन शिक्षा देता सरदाना इंटरनेशनल स्कूल

**बदलती** दुनिया में प्रतिस्पर्धा भी काफी तेजी से बढ़ रही है। शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र होगा, जहाँ आज के समय में प्रतिस्पर्धा देखने को न मिले। और फिर जब बात शिक्षा के क्षेत्र की आती है, तो तमाम क्षेत्रों को पीछे छोड़ते हुए शिक्षा का क्षेत्र इस विषय में सबसे आगे दिखाई देता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि तमाम क्षेत्रों के रास्ते शिक्षा के दरवाजे से होकर ही गुजरते हैं। ऐसे में प्रतिस्पर्धा के लिए शिक्षा को अव्वल दर्जा मिलना किसी मायने में गलत नहीं होगा।

क्षेत्र विशेष में दिन-प्रतिदिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा के डर से कई विद्यार्थी अपने सपनों की उड़ान को शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही रोक देते हैं। बेशक, शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती है, लेकिन विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के अवरोध को पार करते हुए अपने करियर के लिए दृढ़ निश्चयी रहना बेहद कम संस्थानों में ही सिखाया जाता है। मध्य प्रदेश के अंतर्गत देवास स्थित सरदाना इंटरनेशनल स्कूल सफल करियर के प्रति दृढ़ निश्चय के पूरक के रूप में विख्यात है, जो न सिर्फ अपने अलग तरह की अनूठी विचारधारा पर संचालित होता है, बल्कि सख्ती से अनुशासन के मार्ग पर चलने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित भी करता है।

**सरदाना सर को है 26 वर्षों का अनुभव**

स्कूल के विद्यार्थियों में कॉन्फिडेंस निर्मित किया जाता है कि वे भीड़ में अलग से निखरकर आते हैं। इसके पीछे संस्थान के संस्थापक और शिक्षाविद् ललित सरदाना का बहुत बड़ा योगदान है।

## शिक्षा



सरदाना सर पिछले 26 वर्षों से फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथमेटिक्स तीनों ही विषय पढ़ा रहे हैं तथा भारत में सर्वाधिक सिलेक्शन अनुपात दे रहे हैं और स्वयं आईआईटी में ऑल इंडिया 243 वीं रैंक लगाने वाले और सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के संचालक ललित सरदाना सर के स्कूल में पूरे भारत से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं।

**विद्यार्थियों को बनाया जाता है अर्जुन के समान लक्ष्य साधक**

संस्थान में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सीख दी जाती है, साथ ही उन्हें राह में आने वाली बाधाओं से बखूबी अवगत कराया जाता है, जिससे कि उनका सामना करने के समय कुछ भी उनके लिए नया न हो और दृढ़ता से वे हर एक समस्या का सामना करते हुए अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ते रहे। यह विद्यार्थियों को अर्जुन की तरह लक्ष्य साधक बनाने का कार्य करता है, जो उनके करियर के हर एक मोड़ पर उन्हें सफलता से रूबरू कराता है।

**शत-प्रतिशत तक सफलता के आँकड़ें**

यहाँ सफलता के आँकड़ें शत-प्रतिशत होते हैं। इसका सटीक कारण है कि यहाँ विद्यार्थियों को समय की बबार्दी न करने की सीख देने के साथ ही वर्षभर बिना किसी छुट्टी के लगातार परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। स्कूल में तैयार किए गए 90 हजार से अधिक प्रश्नों के मटेरियल के तहत प्रतिदिन न्यूनतम 200 प्रश्नों की प्रैक्टिस करवाई जाती है। इस तरह की तैयारी विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा से डरने के बजाए उन्हें इसके लिए सुदृढ़ बनाती है।

**पढ़ाई के अतिरिक्त भी बहुत कुछ**

जैसे स्पोर्ट्स, म्यूजिक, डांस, योग, मेडिटेशन, मोटिवेशनल सेमिनार का अद्भुत सम्मिश्रण स्कूल में निहित है।

**विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप पढ़ाई**

शिक्षको पढ़ाने का यह सबसे सरल, आकर्षक और शानदार तरीका विद्यार्थियों को उनके सफल करियर के प्रति दृढ़ निश्चयी बनाता है।

# भारत के अंदर बाहर सभी जगह राम का नाम

आर.के. सिन्हा

**भारत** के कण-कण में राम बसे हैं। भारत की राम के बिना कल्पना करना ही असंभव है। सारा भारत राम को अपना आराध्य और पूजनीय मानता है। डॉ. राम मनोहर लोहिया कहते थे कि भारत के तीन सबसे बड़े पौराणिक नाम राम, कृष्ण और शिव ही हैं। उनके काम के बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी प्रायः सभी को, कम से कम दो में एक भारतीय को तो होगी ही। उनके विचार व कर्म, या उन्होंने कौन से शब्द कब कहे, उसे विस्तारपूर्वक दस में एक तो जानता होगा। कभी सोचिए कि एक दिन में भारत में कितनी बार यहां की जनता प्रभु राम का नाम लेती है।

पर भगवान राम को सिर्फ भारत तक सीमित करना उचित नहीं होगा। वैसे तो थाईलैंड बौद्ध देश हैं, पर वहां भी राम आराध्य हैं। राजधानी बैंकॉक से सटा है अयोध्या शहर। वहां के लोगों की मान्यता है कि यही थी भगवान श्रीराम की राजधानी। थाईलैंड के बौद्ध मंदिरों में आपको ब्रह्मा, विष्णु और महेश की मूर्तियां और चित्र भी मिल जाएंगे। इन सभी देवी-देवताओं के अलग से मंदिर भी हैं। इनमें रोज बड़ी संख्या में हिन्दू और बौद्ध मताबलम्बी पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। यानी थाईलैंड बौद्ध और हिन्दू धर्म का एक सुंदर मिश्रण पेश करता है। कहीं कोई कटुता या वैमनस्थ का भाव नहीं है। थाईलैंड का राष्ट्रीय ग्रन्थ रामायण है। वैसे थाईलैंड में थेरावाद बौद्ध के मानने वाले बहुमत में हैं, फिर भी वहां

## समाज

का राष्ट्रीय ग्रन्थ रामायण है। जिसे थाई भाषा में राम-कियेन कहते हैं जिसका अर्थ राम-कीर्ति होता है, जो वाल्मीकि रामायण पर आधारित है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के सबसे बड़े और भव्य हॉल का नाम ह्यरामायण हॉलह्ण है। यहां पर राम कियेन पर आधारित नृत्य नाटक और कठपुतलियों का प्रदर्शन प्रतिदिन होता है। राम कियेन के मुख्य पात्रों में राम (राम), लक (लक्ष्मण), पाली (बाली), सुक्रीप (सुग्रीव), ओन्कोट (अंगद), खोम्पून ( जाम्बवन्त), बिपेक ( विभीषण), रावण, जटायु आदि हैं। इस नाटिका के मंचन के दौरान हॉल में वातावरण पूरी तरह से राममय हो जाता है।

थाईलैंड में राजा को राम ही कहा जाता है। उसके नाम के साथ अनिवार्य रूप से राम लगता है। राज परिवार अयोध्या नामक शहर में रहता है ये स्थान बैंकॉक से 50-60 किलोमीटर दूर है। बहुत खूबसूरत शहर है। भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में भी राम हैं। यहां का पोपा पर्वत औषधियों के लिए विख्यात है। माना जाता है कि लक्ष्मण के उपचार के लिए पोपा पर्वत के ही एक भाग को हनुमान जी उखाड़कर ले गये थे। वे लोग उस पर्वत के मध्यवर्ती खाली स्थान को दिखाकर पर्यटकों को यह बताते हैं कि पर्वत के उसी भाग को हनुमान उखाड़ कर लंका ले गये थे। अयोध्या के कोरिया से 2000 वर्ष पुराने रिश्ते बताए जाते हैं। वहां भी एक अयोध्या है जिसे अयुता कहा जाता है। रामकथा विभिन्न देशों में विभिन्न रूपों में प्रचलित है। उन सबसे भारतीयों का भावनात्मक लगाव होना स्वाभाविक है। इस्लामिक देश इंडोनेशिया की संस्कृति पर रामायण की गहरी छाप है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप का नामकरण सुमित्रा के नाम पर हुआ था। इंडोनेशिया के जावा शहर की एक नदी का नाम सेरयू है। इंडोनेशिया की रामलीला के बारे में अक्सर लिखा जाता है। जब वहां के राष्ट्रपति सुकर्णो के विरुद्ध साजिश रची गयी तो बीजू पटनायक (ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पिता) अपने विमान से उन्हें बचा कर लाये थे।

जारी...

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भगवामय और भक्तिमय हुआ हजारीबाग

## तैलिक साहू समाज समिति ओकनी ने शहर में निकाला जुलूस

### जुलुस में शामिल हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** ऐतिहासिक रामनवमी के दशमी और एकादशी जुलुस से पूर्व गुरुवार को तैलिक साहू समाज समिति, ओकनी द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों में भव्य और आकर्षक नवमी जुलूस निकाला गया। जुलुस में विशेषरूप से सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए और रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया। तैलिक समाज के लोगों ने विधायक सहित अन्य आगंतुक अतिथियों का भवगा पगड़ी बांधकर ओकनी मोड़ के समक्ष स्वागत किया।

तत्पश्चात महावीरी पताखा और भगवा ध्वज हाथों में लेकर श्री जायसवाल ने अगुवाई करके इस जुलुस का श्रीगणेश कराया। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः ओकनी साईं मंदिर के समक्ष पंहुचकर संपन्न हुआ। इस क्रम में पूरा शहर भगवामय और भक्तिमय हो गया। तैलिक समाज के महिला- पुरुष, बच्चे- बूढ़े और नौजवान के साथ अन्य समाज के लोगों द्वारा हाथों में महावीरी पताके लिए कतारबद्ध तरीके से जय श्री राम, जय वीर बजरंगी का नारा लगाते हुए गुंजायमान करके चल रहे थे तो पुरुष वर्ग हाथों में लाठी, डंडा और तलवार लिए तासों की तड़तडाहट के संग अपना हैरतअंगेज करतब दिखा रहे थे। यह मनभावन नजारा देखते ही बन रहा था ।

शोभायात्रा में ओकनी से लेकर विधायक कार्यालय तक विधायक मनीष जायसवाल साथ आए जहां तेली समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को तलवार और डंडा भेंट किया। शोभायात्रा में नन्हें मासूम के करतब को विधायक मनीष जायसवाल ने सराहा और उसे डंडा परिचालन का हाथ पकड़कर अभ्यास कराया और खुद भी लाठी भांजते हुए करतब दिखाएं। समाज द्वारा शोभायात्रा में यहां के पूर्व समिति अध्यक्ष स्व.काली साव की तस्वीर रखकर उन्हें भी सम्मान दिया गया ।

मौके पर विशेष रूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी, वार्ड पार्षद विश्वनाथ विश्वकर्मा, बासुदेव गोप, समाजसेवी भास्कर शर्मा, राम कुमार साव, अजय साव, नारायण साव, दिलीप साव, रामचंद्र साव, बसपा नेत्री शीला देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**भेलवारा में भव्य शोभायात्रा :** गुरुवार की शाम को सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत भेलवारा में नवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली। इस शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गांव के हर एक नर- नारी, बच्चे- बूढ़े, नौजवान और युवतियां पारंपारिक लिवास में पारंपरिक हथियार के साथ ढोल ताशे और गाजे-बाजे एवं भक्ति गीतों पर नाचते - झूमते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में जैसे ही विधायक मनीष जायसवाल का आगमन हुआ उन्हें देख राम भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच गया।

सभी ने विधायक मनीष जायसवाल का अभूतपूर्व स्वागत किया। यह शोभायात्रा भेलवारा पुराना दुर्गा मंडप से निकलकर मुकुंदगंज पहाड़ी होते हुए ग्राम भ्रमण करके पुनः मंदिर परिसर वापस पहुंचा। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने सभी को रामनवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथी सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने का सभी से अपील भी किया ।

**अवधूत आश्रम दुर्गा मंडप पहुंचे सदर विधायक :** हजारीबाग के नृसिंह स्थान परिसर में अवस्थित अवधूत आश्रम परिसर में हजारीबाग की सबसे प्राचीन समय से मां दुर्गा की आराधना की जाती है। पूर्व के समय में इस आश्रम की प्राकृतिक सौंदर्य और यहां से चहुंओर का प्राकृतिक नजारा बेहद खूबसूरत दिखता था। चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोग यहां पहुंचे और मां दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन कर शीश नवाया और उनसे क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की । तत्पश्चात यहां सभी ने मिलकर माता रानी को चढ़ाए गए भोग का प्रसाद ग्रहण किया ।मौके पर समाजसेवी संजय सिंह, राजीव बक्शी उर्फ. रामजी, परमेंद्र मिश्रा, बंगाली समाज से शिवनारायण बोस, कन्हायलाल बासु, तपन चटर्जी, जगन्नाथ सामंतो, रूबी मुखर्जी, सत्यजीत देव गोहराई, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



रामनवमी पर भुरकुंडा में उमड़ा भक्तों का जन-सैलाब।



सनातन हिन्दू अखाड़ा पटेलनगर ने लंबे झंडे के साथ निकाली झांकी।

## दो अप्रैल को जीतो जैन का रांची में अहिंसा रन

खबर मन्त्र संवाददाता




**हजारीबाग।** जीतो जैन इंटरनेशनल ऑगेर्नाइजेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अहिंसा रन का विराट आयोजन 2 अप्रैल को प्रातः 5:30 बजे रांची के मोराबादी ग्राउंड से होगा। इस दौड़ में कई सामाजिक धार्मिक स्कूल के अलावे कई अन्य लोग भी शामिल होंगे। यह दौड़ तीन भागों में बांटा गया है । पहली दौड़ 10 किलोमीटर की है। दूसरी दौड़ 5 किलोमीटर की और तीसरी दौड़ 3 किलोमीटर की होगी।

आयोजन को लेकर जैन समाज के झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय जैन लुहाड़िया के साथ मिलकर अपने विश्वेश्वर दयाल जयसवाल पथ अवस्थित विधायक सेवा कार्यालय परिसर से पोस्टर दिखाते हुए लोगों से अपील किया कि जियो और जीने दो के मंत्र को सफलीभूत करते हुए इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अपील किया । जीतो की लेडीस विंग की अध्यक्षा प्रियंका पाटनी वह संयोजिका पायल सेठी ने बताया कि इस दौड़ में शामिल होने के लिए सभी को ?300 देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा जिसमें आपको सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि टी-शर्ट ,कैप ,पानी व अन्य सामग्री सभी पार्टिसिपेंट्स को दी जाएगी। 10 किलोमीटर की दौड़ में पहला स्थान प्राप्त करने वाले को 41000 या दूसरे स्थान पर 31,000 और तीसरे स्थान पर 1000 की पुरस्कार दिया जाएगा। 45 वर्ष से ऊपर वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा।उनके लिए भी प्रथम पुरस्कार 20000 ,द्वितीय पुरस्कार 15000 और द्वितीय पुरस्कार 10000 से नवाजा जाएगा। अहिंसा रन के लिए हमारे झारखंड के राज्यपाल , मुख्यमंत्री , सांसद , विधायक , स्पोर्ट्समैन व सभी जगह के गणमान्य व्यक्ति ने इस दौड़ में शामिल होने के लिए अपील किए हैं और कहां कि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो और भगवान महावीर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया।

# जय श्रीराम-जय हनुमान के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा

## कई गांवों से निकली आकर्षक झांकियां

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी पर्व को लेकर गुरूवार को जय श्रीराम-जय हनुमान, भोले बाबा की जय आदि भक्ति उद्घोषों से भुरकुंडा कोयलांचल, भुरकुंडा, बासल सहित आसपास का ग्रामीण इलाका गूंजता रहा। पर्व को ले श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के तत्वावधान में ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में आयोजित मेला में हजारों की संख्या में श्रीराम-हनुमत भक्त महावीरी पताकों व आकर्षक झांकियों के साथ शामिल हुए। रामनवमी मेला का शुभारंभ पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामनवमी पर्व भुरकुंडा, भदानीनगर, लपंगा, बासल, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिवर साईड सहित ग्रामीण इलाको में हर्षोल्लास, धूमधाम व एकता-भाईचारगी के साथ मनाया गया। लक्ष्मी टॉकिज भुरकुंडा स्थित ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में रामनवमी का भव्य मेला लगा। जिसमें जन सैलाब उमडा.। जुलूस की शक्ल में दर्जनो अखाड़े व समितियों की टीम गाजे-बाजे व महावीरी झंडे के साथ आयोजन स्थल तक पहुंचे। इस दौरान कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन कर सबको रोमांचित कर दिया। वहीं रामनवमी मेले में उच्चे झंडे की होड़ लगी रही। रामनवमी मेला में आये विभिन्न समितियों व अखाड़ों के विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा मेडल-ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडली में भुरकुंडा ओपी के एसआई अक्षय कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक मिश्रा, प्राचार्य विजयंत कुमार, पत्रकार योगेन्द्र सिन्हा व मनोज सिंह शामिल थें। रामनवमी मैदान में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर भीड़ पर ड्रॉन कैमरा से नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व संचालन कोषाध्यक्ष योगेश दांगी, मीडिया प्रभारी रितेश मिश्रा व उपाध्यक्ष मुकेश राउत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य रूप से पार्षद जयराम बेदिया, पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, रामफल बेदिया, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, राजेश्वर शर्मा, शिवचरण महतो, संजय वर्मा, देवानंद महतो, अशोक सोनी, संजय मिश्रा, संतन सिंह, बैजनाथ कुमार, प्रह्लाद पांडेय, राजन करमाली सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे। जुलूस व मेला में पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चैधरी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला के नेतृत्व में भुरकुंडा ओपी के एसआई मयंक प्रसाद, सअनि रामप्रवेश शर्मा, सामंत दास, भदानीनगर ओपी ओपी के सअनि नुतन आशीष तिर्की विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सषस्त्र बल के साथ मुस्तैदी से तैनात दिखें।

**इन अखाड़ों निकाली झांकी :** रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिसमें मतकमा, अम्बेडकर क्लब लादी, महावीर मंडल लादी, शिवनगर चिकोर, उपर चिकोर, लपंगा, महुआ टोला, कुरसे, देवरिया, रेलवेस्टेशन हनुमान मंदिर भदानीनगर, संकट मोचन मंदिर भुरकुंडा, हनुमानगढ़ी जवाहर नगर, भुंइया टोला जवाहर नगर, पगला आश्रम जवाहर नगर, सनातन सेवा पटेलनगर, नवयुवक संघ भुरकुंडा सहित कई जगहों से महावीर पताकों के साथ भारी संख्या में रामभक्तों ने जुलूस निकाला।

### भाईचारगी का प्रतीक है रामनवमीः कौशल्या देवी

मेले में आए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारगी व एकता का प्रतीक है। भगवान राम के महोत्सव को हम भारतवासी रामनवमी के रुप में मनाते है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वास्तव में भुरकुंडा में आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। इसमें सभी धर्म के लोगों का प्रेम झलकता है। यहां उमड़ा जनसैलाब यह साबीत करता है कि भुरकुंडा का रामनवमी जिले ही नही राज्य में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने सबों को रामनवमी पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र में हमेशा अमन-चैन व एकता-भाईचारगी का माहौल बनाए रखने की अपील की।

भुरकुंडा बाजार स्थित साईं मंदिर समिति, सौंदा डी मंदिर समिति, थाना चैक स्थित स्वर्णकार संघ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडा शुद्ध पेयजल शरबत, चना, गुड़ प्रसाद आदि की व्यवस्था की गई थी। वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में साईं समिति के अशोक सोनी, जगतार सिंह, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, अनुपम पाठक, गुड्डू सिन्हा एवं सौंदा डी में जयंत तुरी, तारा, दीपक सिंह, राकेश सिन्हा, डब्लू पांडेय, उपेंद्र शर्मा, संजय यादव, रिशु जायसवाल, राकेश पासवान सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

**मेला को सफल बनाने में इनका रहा विशेष योगदान :** मेला को सफल बनाने में श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति के महासचिव प्रदीप मांझी, संरक्षक टिकेश्वर महतो, गिरधारी गोप, विनय सिंह चैहान, शिवचरण महतो, प्रेम कुमार साहु, उपाध्यक्ष राजेंद्र मुंडा, कैलाश साहू व राणा प्रताप सिंह, सह कोषाध्यक्ष अमित फौजी, शशि भूषण श्रीवास्तव, शैलेश कुशवाहा, संतोष मिश्रा, संजय मिश्रा, दिलीप अग्रवाल सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### जेसीइआरटी की ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर ट्रेनिंग सेशन में जुड़ेंगे अधिकारी व शिक्षक

**हजारीबाग।** शिक्षकों के तबादले में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से टीचर्स ट्रांसफर पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन देने से पहले बकायदा ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है। इस बाबत शिक्षा सचिव के.रवि कुमार ने गुरूवार को चिट्ठी जारी कर दी है। झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद की ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से एक अप्रैल को शाम चार से पांच बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, आरईओ, बीईईओ, प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों को शामिल होना है। लाइव ट्रेनिंग सेशन के जरिए तबादले से जुड़े तमाम पहलुओं पर बारीक जानकारी दी जाएगी। बता दें कि ट्रांसफर पोर्टल में शिक्षकों के सारे डेटा अपलोड किया जा चुका है। शिक्षकों को खुद डेटा का जांच करना है। जिलों के तमाम विद्यालयों से संबंधित डेटा भी उक्त पोर्टल में अपलोड किया गया है। किसी भी प्रकार की आपत्ति या भ्रांति को दूर करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग सेशन की व्यवस्था की गई है।

### रामनवमी पर घर-घर कन्याओं की हुई पूजा



**हजारीबाग।** शहर में चैत्र दुर्गा पूजा और रामनवमी पर्व पर गुरुवार को नवमी पूजन की गई। रामनवमी पर घर घर देवी के रूप में कन्याओं को पूजा गया। लोगों ने कन्याओं को उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिए। देवी मंदिरों में दिन भर पूजा अर्चना होती रही। नवरात्र संपन्न होने पर लोगों ने घरों में प्रसाद के रूप में हलवा पूरी बनाया। शाम के समय मंदिरों में देवी मां की विशेष आरती हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा के बाद कन्या पूजन व भोज कराकर व्रत खोला। मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ ही कन्याओं का भी जमावड़ा लगा रहा।

### चरही में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

चरही ।चरही थाना क्षेत्र में रामनवमी,वासंतिक दुर्गा पूजा और रमजान पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस बल के जवानों ने रामनवमी जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च किया। गौरतलब है कि रामनावमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए चरही थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों,पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की जानी है। इस मौके पर थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि रामनवमी और दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो ।इसके लिए चरही पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है ।असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी।

### पूजा समितियों ने निकला भव्य जुलूस

**रामगढ़।** रामनवमी उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न महावीर मंदिरों में पूजा अर्चना हुई। पूजा अर्चना कर श्रद्धांलुओं ने कुशलता की कामना की। पूजा के बाद पूजा समितियों द्वारा आकर्षक जुलूस निकला गया। जुलूस में शामिल युवा, बच्चे और बुजुर्ग उत्साह से भरे थे। सभी हाथो में तलवार लिए कर्तब दिखाते जय श्रीराम, जय हनुमान का नारा लगते बढ़ रहे थे. रामनवमी पर प्राचीन हनुमान मंदिर नईसराय बस्ती के अलावे अन्य समितियों ने भव्य जुलूस निकला। जुलूस को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे।

### जय श्री राम के नारों से गूंजा रामगढ़



**रामगढ़ ।** रामनवमी रामगढ़ जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर राम भक्तों का उत्साह सिर चढ़कर बोल रहा था। जय श्रीराम के नारे से हर गली और चौराहा गूंज रहा था। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव को लेकर रामगढ़ के कई स्थानों पर अस्थाई झांकी का भी आयोजन किया गया था। गुरुवार की सुबह से हनुमान जी के मंदिरों में लंबी कतारें लग गई थी। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। जबकि मंदिरों में पंडितों द्वारा पूजा अर्चना करवाकर ध्वजारोहण कराया। लोगों ने भक्ति भाव एवं श्रद्धापूर्वक, शांतिपूर्वक रामनवमी का त्योहार मनाया। रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। जिसमें श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। वही, कई अखाड़ा समितियों द्वारा चलंत झांकी भी निकाली गई ।राम नवमी पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से स्थाई झांकी बनाए गए थे। झांकी में कलाकारों के द्वारा नृत्य पेश कर श्री राम सीता, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, सहित विभिन्न प्रकार के नाटक किए रूप से प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पंचमुखी हनुमान मंदिर, प्राचीन काली मंदिर, वीर शिवाजी युवा संघ, भारती मंडली, किला मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, पुरनी मंडप, रामगढ़ युवा संघ, बिजुलिया हनुमान मंदिर, श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति के द्वारा झांकी निकाली गई।



रामनवमी की पूर्व संध्या पर अष्टमी की झांकी और डीजे को लेकर बवाल हो गया था। पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में सैकड़ों लोग सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे। रामगढ़ थाना का सैकड़ों लोगों ने घेराव किया। इस मुद्दे पर विधायक सुनीता चौधरी ने पहल की तब जाकर मामला शांत हुआ। विधायक ने रामगढ़ जिला प्रशासन से जप्त किए गए डीजे को तत्काल छोड़ने की मांग की। रामगढ़ डीसी से उन्होंने धरना स्थल से ही बात की थी। जब डीजे थाने से छोड़ा गया तब घेराव और प्रदर्शन समाप्त हुआ। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में शहर के चट्टी बाजार, लोहार टोला सहित पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया था। शहर के कई स्थानों में बनाए गए स्थाई झांकी को विरोध स्वरूप बंद कर दिया गया था।

स्पीड न्यूज

## अप्रैल में झारखंड को वंदे भारत की सौगात



**कोडरमा।** झारखंड वासियों को अप्रैल में वंदे भारत की सौगात मिल सकती है, इसका ठहराव कोडरमा और हजारीबाग में भी होगा। पटना से हटिया के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने जा रहा है जो सप्ताह में 6 दिन चलेगी, रेलवे ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जनशताब्दी के बाद ट्रेन पटना से खुलेगी। वहीं वापस दोपहर में हटिया से पटना के लिए रवाना होगी। इससे पटना और रांची के बीच का सफर कम समय में पूरा हो सकेगा। वंदे भारत ट्रेन पटना से खुलने के बाद जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बड़काकाना, टाटीसिल्वे और रांची होते हुए हटिया पहुंचेगी। हटिया से आने के दौरान भी यही रूट रहेगा।

**पटना-हटिया की दूरी 70 किलोमीटर होगी कम**

मिली जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उद्घाटन की तिथि मिलते ही यात्री आरक्षण करा पायेंगे। फिलहाल रेलवे के अधिकारी अधिक जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन को कोडरमा से टाटीसिल्वे के बीच नई रेलवे लाइन से चलाया जायेगा। इससे पटना और हटिया के बीच लगभग 70 किलोमीटर की दूरी कम होगी। वहीं राजेंद्र नगर टर्मिनल पर वंदे भारत एक्सप्रेस का रख-रखाव किया जायेगा।

## 14 जल सहियाओं को मिली प्रोत्साहन राशि

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को जल सहिया की एक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ पप्पू रजक मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक के दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 जल सहियाओं के बीच प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ ने सबको अपने कर्तव्य का पालन ईमानदारी से करने की अपील की।

## वार्ता के बाद शिक्षकेत्तर कर्मियों की हड़ताल खत्म

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्राचार्य द्वारा मनमाने ढंग से महाविद्यालय के कोष का दुरुपयोग व शिक्षक शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों पर तानाशाही रवैया के विरोध में झुमरीतिलैया कॉमर्स कॉलेज के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी का 21 मार्च से चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व प्राचार्य प्रो सोहर यादव के बीच हुई वार्ता के बाद समाप्त कर दी गई है। हड़ताली शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ व प्राचार्य के बीच 8 सूत्री मांगो पर हुई वार्ता में 7 सूत्री मांगो पर सहमति जताई गई। जिसके बाद संघ के अध्यक्ष प्रो रामेश्वर प्रसाद राणा ने हड़ताल व धरना समाप्त करने की घोषणा की। उल्लेखनीय हो कि 21 मार्च से कर्मचारी महाविद्यालय परिसर में कर्मी 8 सूत्री मांगो को लेकर धरने पर थे। मौके पर प्रो अशोक कुमार स्वर्णकार, प्रो अरविंद कुमार सिन्हा, प्रो युगल साव भी थे।

## महावीर मंदिर से भक्तों ने निकाली बाइक रैली

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के सभी गांवों में चैत्र नवरात्र व रामनवमी को लेकर भक्तिमय वातावरण बन गया है। जहां देवीस्थल पर सप्तमातृकाओं की पूजा अर्चना हो रही है,वहीं चौक चौराहों पर महावीरी झंडे स्थापित कर भगवान श्रीराम व बजरंगबली की आराधना की जा रही है। स्टेशन रोड में महावीर मन्दिर स्थल परमंगलवार की शाम पारंपरिक अनुष्ठान के साथ महावीरी झंडे की स्थापना की गई। वहीं रात्रि में हरि नाम संकीर्तन, इस्कॉन (हरे कृष्ण प्रचार केंद्र डालटनगंज) मंडली के द्वारा प्रवचन, भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। जिस युवाओं की टोली थिरकती रही। बुधवार को सुबह महावीर मन्दिर स्थल से बाइक जुलूस निकाली गई। जिसमें रामभ त्तों को जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने भगवा गमछा भेंट किया।

# गांव से शहर तक एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम...

➲ रामनवमी पर निकाले गए भव्य झांकी, अखाड़ा समितियों ने किया शौर्य प्रदर्शन

**खबर मन्त्र टोली**









**कोडरमा।** रामनवमी का त्योहार पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला मुख्यालय स्थित महावीर मुहल्ला, गिरिडीह रोड, नगरखारा, जलवाबाद, लोचनपुर, लखिबागी, फरेंदा, शिव मुहल्ला, बरसोतियाबर के अलावे ग्रामीण क्षेत्र लोकाई, इंदरवा, बदडीहा, चाराडीह, चेचाई आदि दर्जनों अखाड़ा समितियों के द्वारा महावीरी पताको और भव्य झांकी के साथ जुलूस निकाला गया।

जुलूस में परंपरागत हथियारों, लाठी, तलवार, फरसा आदि लिए गेरुआ वस्त्र धारण किये युवकों की टोली एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम आदि के नारों के साथ चल रहे थे। वहीं डीजे पर बज रहे भक्तिमय गीतों से सम्पूर्ण क्षेत्र राममय हो गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कोडरमा बाजार स्थित गांधी चैक पहुंचा और महावीरी पताकों को एक दूसरे से मिलन करवाते हुए, राजगढ़ स्थित चैती दुर्गा मंडप पहुचे। इधर कोडरमा बाजार में रामनवमी महासमिति बजरंग दल के द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शन प्रतियोगिता में दर्जनों गांवों के अखाड़ा समितियों के द्वारा बारी-बारी से अपने झांकी के साथ लाठी, भाला, तलवार आदि परम्परागत हथियारों से एक से बढ़कर एक प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोह लिया। इस दौरान रह रह कर जय श्रीराम जय श्रीराम के जयघोष से सम्पूर्ण क्षेत्र भगवामय हो गया। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, उपाध्यक्ष प्रवीण चन्द्रा, महासचिव मनोज कुमार झुनू, सचिव नरेन्द्र पाल सिंह, चंदन सिंह, सह सचिव, प्रवीण कुमार पाण्डेय, राजेश सिंह, आदित्य पांडेय, सूरज प्रताप, प्रदीप पांडेय, विनय सिंह, अजय पांडेय, राजा सिंह, पवन महाराज, राजू यादव, चंदन पांडेय, अक्षय वर्णवाल, छोटी यादव, लालू यादव, सोनू श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार, सुजीत सिंह, आशुतोष सिन्हा, राजकुमार यादव, अर्जुन राम, विनोद कुमार मुन्ना, जय प्रकाश राम, बैजनाथ यादव, सोनू पांडेय आदि थे।

**अद्भुत लगी झांकी, संदेश दे गया :** रामनवमी पर विभिन्न अखाड़ा समितियों की प्रस्तुत झांकी एक से बढ़कर एक देखने को मिली। हर झांकी अलग अलग प्रकार के संदेश दे रहा था।

**चाक चौबंद रही विधि व्यवस्था :** रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने को लेकर जिले में सभी प्रखंडों में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसे लेकर एसडीओ संदीप कुमार मीणा एवं एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने संयुक्त रूप से कोडरमा एवं नगर परिषद् झुमरीतिलैया अंतर्गत विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। मौके पर पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

मंत्री ने किया विभिन्न भंडारा का उद्घाटन, कहा- भंडारा का आयोजन बहुत बड़ा पुनीत कार्य

# हम सभी भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनायें : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** रामनवमी के मौके पर गढ़वा में आयोजित विभिन्न संघों के भंडारा का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। मंत्री श्री ठाकुर ने गुरुवार को फीता काटकर, दीप जलाकर एवं भगवान श्रीराम को भोग लगाकर भंडारा का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया।

उद्घाटन मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भंडारा का आयोजन बहुत बड़ा पुनीत कार्य है। गढ़वा में झुग्गी झोपड़ी दुकानदार संघ, युवा शक्ति संघ, नरगिर आश्रम राम कथा पूजा समिति सहित कई संगठनों ने अपने अपने स्तर से भंडारा का आयोजन किया है। यह आयोजन अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरक एवं मिसाल है।

मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन में भाग लेने के लिए आयोजन समिति की ओर से मौका दिया जाता है। इन सभी आयोजन समितियों का मैं आभारी हूं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में सभी पर्व त्यौहार सभी धर्म समुदाय के लोग मिलकर आपसी एकता एवं सद्भाव के साथ मनाते हैं। गढ़वा की एकता एवं अखंडता एक मिसाल है। हमारा देश अनूठा है। यहां विविधता में एकता एवं सद्भावना है। उन्होंने माता रानी और भगवान श्री राम से गढ़वा एवं झारखंड सहित पूरे देश में एकता एवं अखंडता बनाए रखने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यहां कदम-कदम पर विभिन्न क्लबों के लोग भंडारा का आयोजन करते हैं। ऐसे आयोजनों में मैं हमेशा अपने सामर्थ्य का भरपूर उपयोग करते हुए शामिल रहता हूं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हम सभी को भगवान श्री राम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। इससे पूरे देश में अखंडता, एकता, शांति एवं सद्भाव बना रहे।



उद्घाटन के मौके पर संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर एसडीपीओ अवध यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, कंचन साहू, युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष अमित रंजन, वेद प्रकाश पटवा, सनी केशरी, फुजैल अहमद, अशोक मद्धेशिया, मिंटू मद्धेशिया, अंतु दास, शंकर केशरी, झुग्गी झोपड़ी दुकानदार संघ के अध्यक्ष मनोज मेहता, पप्पू कश्यप, श्याम किशोर तिवारी, दिनेश साह, मो आफताब आलम, नरगिर आश्रम राम कथा पूजा समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल, विनोद प्रसाद, संजय सिंह, भरत केशरी, नितेश कुमार, अरविंद पटवा, सुदर्शन मेहता, गुडू हरी, रविंद्र पटेल, दीनानाथ बघेल, धर्मनाथ झा, जयशंकर बघेल, सोनू बघेल, गौतम चंद्रवंशी, आकाश बघेल, सांतनु केशरी, मुन्ना बघेल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## हाथियों का झुंड महीनों से मचा रहा उत्पात, दिन भर रहते हैं जगल में, रात में आते गांव की ओर



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बेरहवा जंगल में हाथियों का झुंड महीनों से अपना बसेरा बना रखा है। दिनभर जंगल में आराम करने के बाद रात के अंधेरे में हाथी खाना की तलाश में गांव की ओर निकल पड़ते हैं। रात्रि में मदमस्त होकर हाथियों का झुंड फसल के साथ-साथ अन्य सामानों को भी बर्बाद कर देते हैं। बताते चलें कि बुधवार की रात्रि हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल स्थित कर्मा धाम में जमकर उत्पात मचाया, वहां लगे कई गेट, पंडितों के सामान रखने वाला खपरैल का मकान, कृष्णकांत पांडे की गुमटी, पेयजल का नल, शौचालय का दरवाजा, वन विभाग द्वारा लगाए गए बोर्ड समेत कई सामानों को नुकसान पहुंचाया है। वहीं कर्मा धाम मंदिर परिसर में लगे वटवृक्ष को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। कर्मा धाम मंदिर परिसर में हाथियों के उत्पात से वहां रह रहे पंडितों, दुकानदारों एवं पूजा करने आने वाले ग्रामीणों में काफी भय का माहौल है। वहां रह रहे पंडितों दुकानदारों व कर्मा धाम के श्रद्धालुओं ने वन विभाग से कर्मा धाम परिसर में बड़े सोलर लाइट लगवाने की मांग की है।

## विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाया परंपरागत हथियारों का प्रदर्शन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों से महा रामनवमी का महा जुलूस गुरूवार की शाम 3 :30 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। हालांकि विभिन्न क्लबों की झांकियों का जुटान शाम 3 बजे से ही दुर्गा मंडप परिसर नावाडीह में होने लगा था, जो देर रात तक चलता रहा। इसके बाद शुरू हुआ झांकियों का भ्रमण, इस दौरान मरकच्चो की तमाम सड़कें, गलियां दर्शकों से खचाखच भरी रही एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा पौराणिक कथाओं पर आधारित दर्जनों झांकियां निकाली गई। वहीं जय श्री राम, हर हर महादेव, जय बजरंगबली के उद्घोष व डंके की गूंज से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया था। साउंड व डंके की आवाज के साथ झूमते विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने जगह-जगह चैक चैराहों पर परंपरागत हथियारों का खेल प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान कई क्लबों थाना व ग्रामीणों के द्वारा दर्जनों जगह पर शरबत एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी। वहीं दूसरी ओर जुलूस के साथ-साथ राधा मेडिकल व सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मरकच्चो के सौजन्य से चिकित्सकों की टीम एंबुलेंस के साथ-साथ चल रहे थे। वहीं दूसरी ओर नावाडीह में नव युवकों द्वारा पियाउ की भी व्यवस्था की गयी थी।

## भद्रकाली मंदिर में विधिपूर्वक दी गयी नवरात्र की संधि बलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**इटखोरी (चतरा)।** ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में गुरुवार को हवन भंडारा तथा कलश विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र का अनुष्ठान विधि-विधान पूर्वक संपन्न हो गया इससे पूर्व बुधवार को देर रात मंदिर में नवरात्र की संधि बलि का अनुष्ठान हुआ। इस पावन अवसर पर माता के दरबार में जनप्रतिनिधियों, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य तथा श्रद्धालु भक्तों ने भी फलों की बलि अर्पित की। नवरात्र की संधि बलि के अनुष्ठान के वक्त माता रानी का दरबार मां भद्रकाली के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। परंपरा के अनुसार नवरात्र की संधि बलि का अनुष्ठान मां भद्रकाली मंदिर के साधना चबूतरा पर हुआ। संधि बलि से पूर्व मां भद्रकाली की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात साधना चबूतरा पर मंदिर के पुजारियों के मंत्रोच्चारण के बीच संधि बलि का अलौकिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। करीब एक घंटे तक चले संधि बलि के इस अनुष्ठान में मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से पहली संधि बलि मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने दी।

## बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधित्व में निकली शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बासोडीह बाजार में गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधित्व में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया, जो हटिया मैदान से डीजे साउंड और रथ पर सवार सीता राम और हनुमान की झांकी भी निकाली गई, जो शोभा यात्रा में चार चांद लगा दिया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष बबलू सिंह, शिवराज सिंह, बजरंग दल के बबलू कुमार वर्णवाल के महीनों अथक प्रयास के बाद भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें प्रखंड के हरेक पंचायत के नौजवान, सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं हटिया मैदान में कमिटी के तरफ से सभी गणमान्य लोगों को पगड़ी पहनाकर समान्नित किया गया, जबकि सैकड़ो लोगों के बीच भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुसार बहुत चीजों पर पाबंदी थी, बाबजूद नवयुवकों के जोश कम नही हुआ और एक भव्य जुलूस का समापन हुआ। जय श्री राम के नारों से पूरा प्रखंड गुंजायमान हो गया। क्या बच्चे और और क्या नौजवान और बूढ़े सभी अपने अलग रंग में दिखे। ज्ञात हो की प्रखंड के हरेक गांव में घर घर रामनवमी के त्योहरा खूब धूमधाम से मनाया जाता है।

## मां चतुर्भुजी मंदिर परिसर में एक माह तक लगने वाला मेला शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**केतार।** मां चतुर्भुजी मंदिर में एक माह तक लगने वाला मेला शुरू हो गया। सर्वप्रथम सोनपुर स्टेट के वंशज अमर नाथ प्रताप शाही ने मां चतुर्भुजी के पूजा अर्चना के पाश्चत बली दी। इस मेले में बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालुओं ने मां चतुर्भुजी की पूजा अर्चना की। मंदिर विकास समिति के द्वारा कतारबद्ध तरीके से महिला एवं पुरुषो के लिए लाइन लगाकर पूजा करने की व्यवस्था की गई है। ताकि मंदिर के प्रगाण में श्रद्धालुओं को मां का दर्शन करने में कोई दिक्कत की सामना न करना पड़े।



**खास बातें :** हालांकि मंदिर परिसर में सोलह सीसीटीवी कैमरें लगाए गए हैं। साथ ही ड्रोन कैमरें से निगरानी की जा रही है। केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा टीम पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं। साथ ही मंदिर विकास समिति ने मेले में सभी जगहों पर अपना बजरंग दल के साथ भुलेन्टियर की व्यवस्था की है। मंदिर विकास समिति के सचिव हेमंत कुमार पाठक ने बताया कि मां चतुभुर्जी मंदिर में इस मेले में लाखो श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर मां का दर्शन करने पहुंचते है। मंदिर विकास समिति ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, यात्री निवास, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था की है। मौके पर संरक्षक रामविचार साहू, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष बिमलेश पासवान, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, उप सचिव प्रमोद कुमार मेहता, मीडिया प्रभारी ज्वाला कमलापुरी, संजय पाल, बिंदु राम, पंकज कमलापुरी, मदन पटेल, महेंद्र पासवान, जयशंकर प्रसाद, आदित्य मेहता, दिलीप कुमार गुप्ता, मधुसुधन कमलापुरी, जितेंद्र कुमार बैठा, उदय विश्वकर्मा, रामप्रवेश ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

## डोमचांच : धूमधाम से मनी रामनवमी रामभक्तों ने निकाली आकर्षक झांकियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर क्षेत्र व प्रखंड क्षेत्र के ढाब, बेहराडीह, नावाडीह, तेतरियाडीह, सपही, ढोढ़ाकोला, जानपुर, बगड़ो, बगरीडीह आदि में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ के मनाया गया। मौके पर विभिन्न पूजा समितियों द्वारा झांकी निकाली गई और लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया। रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन भी चैकस नजर आई। इस दौरान प्रशासन के द्वारा शहीद चैक, श्री राम चैक, नावाडीह, सहित सभी चैक चैराहों पर सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था किया गया था। मौके पर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान आदि पुलिसकर्मियों के साथ गश्ती करते दिखे। डोमचांच नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर 13 के ऋद्धि सिद्धि भवानी मंदिर में रामनवमी को लेकर पूजा अर्चना की गई। वहीं यहां के सदस्यों के द्वारा लव-कुश पर आधारित झांकी व नारी शक्ति का प्रदर्शन किया गया।

## पुलिस ने तीन अभियुक्तों को देसी कट्टा व जिंदा गोली के साथ किया गिरफ्तार भेजा गया जेल



**चतरा।** कुंदा पुलिस ने कलाम खलीफा हत्याकांड में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा एवं 02 जिंदा गोली, एक 8 एमएम का गोली का खोखा। विभिन्न कम्पनी दो मोबाईल फोन, एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल जप्त किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों मे मन्टू शर्मा उम्र करीब 23 वर्ष, पे० - बिन्देश्वरी शर्मा, सा०-टुनूदाग, थाना-पिपराटांड़, जिला-पलामू । मुफील भुईयाँ उम्र 42 वर्ष, पे० प्रगाश भुईयाँ, सा०-टुनूदाग, थाना-पिपराटांड़, जिला-पलामू । शंकर भारती उर्फ तुफान, पे०-स्व० ईशु भुईयां, सा०-टुनूदाग, थाना-पिपराखंड, जिला-पलामू का रहने वाला है। यह जानकारी सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने अपने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि दिनांक 28/01/2023 को ग्राम गेन्दरा के घटमरवा पुल के पास एक व्यक्ति का शव होने की सूचना मिली थी। जिसकी पहचान ग्राम-टुनूदाग, थाना-पिपराटांड, जिला- पलामू के कलाम खलीफा के रूप में हुई थी। जिस संबंध में कुन्दा थाना कांड संख्या - 08/2023, दिनांक-28.01.2023, धारा 302/120 (इ)/201 भा०द०वि० एवं 27/35 अ१२ अ्३ दर्ज किया गया था। कांड के उद्भेदन हेतु चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल एस?आईटी का गठन किया गया था। विशेष दल के द्वारा अनुसंधान के क्रम में, कांड का उद्भेदन करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथियार (देशी कट्टा) के साथ अपराध में शामिल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। सभी अपराधकर्मियों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है, साथ ही इनकी ही निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया देशी कट्टा को बरामद कर लिया गया है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों के खिलाफ अनुसंधान एवं गहन छापामारी की जा रही है।

# सोनबरसा मर्डर केस का खुलासा, दामाद के साथ मिलकर पत्नी ने ही की थी पति की हत्याः एसडीपीओ

➲ दोनों अभियुक्त किये गये गिरफ्तार, कुल्हाड़ी बरामद

**खबर मन्त्र संवददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस ने गत दिनों थाना क्षेत्र के सोनबरसा में मुस्लिम अंसारी नामक युवक की हुई विभत्स हत्या कांड का उद्भेदन कर लिया है। युवक की हत्या मृतक की पत्नी जुलेखा बीबी ने अवैध संबंध में अपने दामाद नाजिर अंसारी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से मारकर कर दी है। पुलिस ने हत्या में शामिल मृतक की पत्नी एवं उसके दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी बरामद कर लिया है। यह जानकारी गुरुवार को नगर ऊंटारी थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने दी। उन्होंने बताया कि गत 25 मार्च की रात्रि में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में मुस्लिम अंसारी नामक युवक की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया था। जिसके बाद सदीक अंसारी के लिखित आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था।



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ व अन्य।

**खास बातें :** एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर संवेदनशील कांड के उद्भेदन के लिये उनके नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि राहुल कुमार, जितेंद्र भगत, कुमार विक्रम सिंह, कुणाल किशोर, सअनि श्रीकांत पांडेय को शामिल किया गया था। अनुसंधान के क्रम में कांड के मुख्य अभियुक्त मृतक की पत्नी जुलेखा बीबी को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान जुलेखा बीबी ने बताया कि वह अपने दामाद नाजीर अंसारी के साथ मिलकर पूर्व नियोजित प्लान के तहत मुस्लिम अंसारी की हत्या कर दी है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के चाराडीह झुमरी तालाब के समीप हुए सड़क हादसे में एक कि मौत हो गयी, जबकि एक घायल हो गया। मृतक की पहचान झुमरी के आशीष कुमार (23) पिता अर्जुन यादव के रूप में हुई। वहीं हादसे में कृष्णा शर्मा (28) पिता चंदेश्वर शर्मा घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक से झुमरीतिलैया से कोडरमा की ओर आ रहे थे, इसी दौरान घटनास्थल पर जानवर से टकराने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे दोनों गंभीर हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। वहीं कृष्णा का इलाज जारी है, हादसे के बाद मृतक के परिजन बेहाल है।

# जय श्रीराम नारे से गूंज उठा पूरा लातेहार

## भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र को जीवन में उतार कर ही जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है: भोर सिंह यादव

- ड्रोन कैमरे से की जा रही थी निगाहबानी
- विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि भगवान श्री राम मयार्दाओं के प्रतिरूप है। इनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतार कर ही जीवन की सार्थकता सिद्ध होगी


थाना चौक स्थित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक।


जुलूस में शामिल विधायक व रामभक्त।


डीसी को महासमिति के अध्यक्ष द्वारा तलवार भेंट करते हुए।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के थाना चौक स्थित श्री रामनवमी महासमिति के द्वारा मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपायुक्त भोर सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी अंजनी अंजन,मुख्य संरक्षक के रूप में स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम व महासमिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार शामिल हुए। समिति द्वारा अतिथियों को पगड़ी व तलवार देकर भी सम्मानित किया गया। उपायुक्त भोर सिंह यादव ने कहा कि राम का जीवन अनुक्रणीय है। भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र को जीवन में उतार कर ही जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि राम के जीवन चरित्र को आत्मसात करने की जरूरत है। रामराज्य की कल्पना तभी सार्थक होगी, जब लोग अपने स्वार्थ को त्याग निस्वार्थ भाव से कार्य करें। उन्होंने सभी लोगों को जिले के विकास के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रसाशन के साथ कदम से कदम मिलाने की अपील की। साथ ही रामनवमी पूजा को शांति पूर्ण तरीके मनाने की बात कही। विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि भगवान श्री राम मयार्दाओं के प्रतिरूप है। इनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतार कर ही जीवन की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने वर्तमान परिवेश में भगवान श्री राम के जीवन से सींख लेने की बात कही। मौके पर डीएफओ रौशन कुमार, डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, आईटीडीए निदेशक बिंदेश्वरी ततमा, डीएसओ बंधन लोंग, एसडीएम शेखर कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, नगर पंचायत उपाध्याय नवीन कुमार सिन्हा, समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार, त्रिभुवन पांडेय, महामंत्री अंकित पांडेय, राजमणी प्रसाद, जय सिंह, संतोष पासवान, सुनील प्रसाद, जय सिंह, राजन तिवारी, गौरव दास, उज्ज्वल पांडेय, अर्जुन पाठक, अश्विनी सिंह, विवेक चंद्रवंशी, बलि पाठक, सागर कुमार समेत सैकड़ों रामभक्त मौजूद थे।

### जुलूस में भक्तों की भीड़, जय श्रीराम के नारे से गुंजा शहर

थाना चौक स्थित महासमिति के मुख्य अखाड़ा में जुबली चौक, बानपुर, धर्मपुर,मेन रोड, होटवाग आदि अखाड़ों से महावीरी झंडा की मिलान को लेकर जुलूस में शामिल हुए। समिति द्वारा शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कई लोगों ने अपने कलाकारी का प्रदर्शन भी किया। भगवान राम, सीता व हनुमान की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान पूरा शहर जय श्री राम के नाम से गूंजता रहा। शहर के कई जगहों पर समाजसेवी के द्वारा पानी, शरबत, चना का वितरण किया गया।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी उत्साह:** रामनवमी पूजा को लेकर शहर से लेकर गांव तक जय श्री राम व महावीर झंडा से पटा रहा। इस बार रामनवमी को लेकर हिंदू समाज में काफी उत्साह देखा गया। ग्रामीण क्षेत्र में अपने देवी स्थान, मंडप आदि में पूजा अर्चना कर विभिन्न जगहों में महावीरी झंडा का मिलान कराया गया।

**पुलिस थी मुस्तैद:** रामनवमी पूजा को लेकर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर रविवार को जिला मुख्यालय के सभी चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई हैं। विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी मुस्तैद दिखी। शहर में निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी पूरी विधि व्यवस्था पर निगरानी रखे हुए थे।

## स्पीड न्यूज

### राम भक्तों ने निकाली शोभा यात्रा विधायक बैद्यनाथ राम रहे उपस्थित



**लातेहार।** लातेहार शहर में महाअष्टमी को लेकर शोभा यात्रा निकाला गया। वहीं शोभा यात्रा में विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित रहे। वहीं उन्होंने लोगों का संबोधित करते हुए कहा कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन मां आदिशक्ति के आठवे सिद्ध स्वरुप माता महागौरी की उपासना की जाती है। इस दिन को दुर्गाअष्टमी या महाअष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। शोभा यात्रा श्री रामनवमी महासमिति के महावीर मंदिर ठाकुर बाड़ी के द्वारा निकला गया। जो लातेहार थाना चौक महावीर मंदिर से मैन रोड होते हुए समाहरणालय तक गया। जिसके बाद वहां से वापस थाना चौक महावीर मंदिर पहुंच शोभा यात्रा का समापन किया गया। वही शोभा यात्रा में रामभक्तो ने भगवान राम के भक्ति गीतों पर झूमते नजर आएं। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार, गौरव दास, मनिष पाठक, रविन्द्र प्रजापति, अमित पांडेय, अश्विनी सिंह, राजकुमार दास, विवेक चन्द्रवंशी, पं. त्रिभुवन पांडेय, अर्जुन पाठक, उज्जवल साहु, कौशल पांडे, अमर विश्वकर्मा, सौरभ कुमार, उतम कुमार, विशाल कुमार, सौरभ कुमार, अविनाश कुमार, सौरभ पाठक, मोनू सिंह, पंकज दास, चंदन कुमार, मोना सिंह, विपिन कुमार, शैलेश ठाकुर, नितिश यादव, राजू विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बनियो ग्राम में गुरुवार को एक पति ने अपनी पत्नी से झगड़ा होने के बाद आवेश में आकर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक सुरेश राम के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवा उरांव 32 वर्ष पिता मनसा उरांव ग्राम बनियों थाना बालूमाथ निवासी की अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद आवेश में आकर शिवा उराँव घर में रखा कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। फिलहाल युवक की स्थिति ठीक बताई जा रही है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### नव युवक संघ देवी मंडप के द्वारा निकाला गया कलश यात्रा

**लातेहार।** नव युवक संघ देवी मंडप बाजकुम लातेहार द्वारा बुधवार को रामनवमी कलश यात्रा निकाला गया। जो देवी मंडप बाजकुम से औरंगा नदि पहुंचा जहां पुरोहित द्वारा पुरे विधि विधान से कलश में जल भरा गया तत्पश्चात कलश यात्रा वापस गांव का भ्रमण करते हुए देवी मंडप पहुंची। वहीं समिति के लोगों ने बताया कि शाम 9 बजे से गुरुवार 9 बजे तक अखंड कीर्तन चालू है। गुरूवार को भंडारा का भी आयोजन किया गया है। मौके पर अकलेश यादव, अकित यादव, मधु सिंह, बसंत तिवारी, संदीप यादव, राजेंद्र यादव, मुनी यादव, आदित्य यादव, पिंटू यादव, छोटू सिंह, संतोष यादव, अनिल यादव, राहुल यादव, अरुण, अजीत, लालू, मुकेश, सुबोध, बनी, नीरज, आयुष मौजूद और कार्यक्रम को सफल बना रहे है।

### पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को सौंपा आवेदन, कार्रवाई की मांग

**लातेहार।** मनिका थाना के ग्राम मटलौंग निवासी लखन भुईया पिता स्वर्गीय करीमन भुईया ने अपनी पुत्री अंशु देवी के पति डबलू भुईया व बड़ा भाई बबलू भुईया पिता रघुनाथ भुईया ग्राम नवाटोली थाना हेरहंज का रहने वाला पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नाम आवेदन सौंपा है। उन्होंने दिये आवेदन में कहा है कि मैं अपनी पुत्री की शादी ग्राम नवाटोली थाना हेरहंज में 2019 में किया था। उसे एक बच्चा भी डेढ़ वर्ष का है दहेज व अन्य आरोप लगाकर मारपीट बराबर करता था पूरे परिवार के द्वारा इस बीच रविवार 26 मार्च को गांव में पंचायत बैठा कर समझाने का प्रयास किया लेकिन किसी व्यक्ति का कुछ बात नहीं माना इस बीच हम लोगों के साथ भी मारपीट किया। वही 29 मार्च को हत्या कर जहर खाकर मर जाने का रूप लड़का पक्ष द्वारा बोला जा रहा है। लड़का का कई लड़की से संबंध रहता था। उस परिवार का बड़ा भाई जेल से अभी निकला है। मेरी लड़की मेरा से सब बात बता दिया करती थी। लड़का द्वारा 10 लाख रूपया का मांग था। हमलोगों को हत्या का आरोप है। हमें न्याय मिलना चाहिए।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी पर्व, प्रशासन मुस्तैद



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी पर्व, जय श्री राम के नारे से गूंज उठा क्षेत्र, सरयू के हनुमान मंदिर व महावीर मंदिर से लेकर देवी मंडप तक धूमधाम के साथ जुलूस निकाली गई। वहीं सरयू, घासी टोला, चायु, डबरी, मुरुपा, व डोरम, मुकुन्दपुर, पीरी, गांव के राम भक्तों ने जुलूस में शामिल होकर रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। सरयू के राम नवमी समिति की ओर से मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर चौक चौराहों में प्रशासन के जवान मुस्तैद रहे। मौके पर जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, अंचलाधिकारी शम्भु राम, थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, शाहिद अंसारी, टिओपी ओपी प्रभारी घनश्याम उरांव, सुधीर कुमार दास, असगर हुसैन, मनोहर प्रसाद, सुनील प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, रिंकू प्रसाद, सुरेश प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, शशि कुमार, रंजन कुमार, अमेरिका प्रसाद, सुरेश सिंह, पापु सिंह, उमेश प्रसाद, कमलेश राम, दिलीप प्रसाद, उदय प्रसाद, समेत आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नवाहन परायण पाठ महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत अंतर्गत स्थित पचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में अमर पूजा समिति के बैनर तले रामनवमी पर्व के चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित नवाहन परायण पाठ महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ देखी जा रही है। वहीं महा अष्टमी के दिन आरती कार्यक्रम में मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरिजा नंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी शामिल हुए जहां अमर पूजा समिति के सदस्यों ने श्रीराम का पट्टा देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरजानंदन सिंह चेरो ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि अमर पूजा समिति के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके लिए समिति के लोगों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में भगवान श्री कृष्ण जी की प्रतिमा की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने अपने निजी खर्च से मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा अनावरण करवाने का सभी श्रद्धालुओं से वादा किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं के जय श्री कृष्ण के जयकारे से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज उठा। वहीं गिरजानंदन सिंह ने कहा कि मैं हमेशा मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए निस्वार्थ भाव से खड़ा हूं और क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। मौके पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह,राजद जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव,अमर पूजा समिति के अध्यक्ष बली प्रसाद यादव, प्रमुख प्रतिमा देवी, जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, शंकर दुबे, सुनील प्रसाद, वृंद बिहारी प्रसाद यादव, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, युवा राजद नेता रूपेश कुमार यादव, शिवानंद यादव, सतीश कुमार यादव, मुकेश कुमार गुप्ता, राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू, समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मनिका में देवी मंडप मंदिर में भंडारा का आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बाजारटांड़ स्थित देवी मंडप मंदिर के प्रांगण में नवयुवक संघ पूजा समिति के बैनर तले रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर सभी के सामूहिक योगदान से भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारे का प्रसाद पाने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। वहीं नवयुवक संघ पूजा समिति के लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए अशोक प्रसाद (डीलर) 30 तलवार, राजू राय 20 तलवार, शिक्षक मधुरेश कुमार 20 तलवार, शिक्षक चंदन कुमार पासवान 50 भगवा रंग का गमछा,धीरज प्रसाद टीवीएस शोरूम 50 भगवा रंग का गमछा, समेत कई अन्य बुद्धिजीवी व्यक्तियों ने इत्यादि सामग्री उपलब्ध करवाया ताकि श्री राम नवमी जुलूस में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को तलवार एवं भगवा रंग का गमछा दिया जा सके। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, विश्वनाथ पासवान, दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ राय, बबन पासवान, भरत प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, रघुपाल सिंह, तस्लीम अंसारी, डॉ चंदन कुमार, सागर कुमार यादव, मधुरेश कुमार, रामवृक्ष यादव, रमेश पासवान, चंदन पासवान, उप मुखिया सकलदीप यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष राजू प्रसाद,सचिव अंकित कुमार गोलू,विकास प्रसाद,समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### रामनवमी धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**महुआडांड।** महुआडांड प्रखंड मे रामनवमी का त्योहार गुरूवार को पूरे धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामनवमी के इस पावन बेला पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिन्दू परिषद, महुआडांड हिन्दू महासभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में महावीरी झण्डे का मिलान समारोह का आयोजन स्थानीय शास्त्री चौक पर किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की भारी संख्या में महावीरी झंडे के साथ रामभक्त पहुँचे। इस दरम्यान रामभक्तों के जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारो के द्वारा अपने अपने करतब भी दिखाए गए, वही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, लातेहार जिला मुख्यालय के सदर डीएसपी डा. कैलाश करमाली, महुआडांड एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव समेत काफी संख्या में गणमान्य व प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को महुआडांड हिन्दू महासभा के द्वारा शाल ओड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रामभक्तों ने महावीरी झण्डे के साथ नृत्य करते हुए कई खेल व करतब दिखाये। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रामभक्तों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, महामंत्री संजय जायसवाल, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल विभाग के संयोजक सुरज प्रसाद, प्रदीप जायसवाल, उज्जवल धनुष, निरंजन जायसवाल, नितिश साहू आदि का योगदान सराहनीय रहा। वंही विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद रही।

#### ड्रोन कैमरे से निगहबानी

लातेहार उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार विधि व्यवस्था संधारण को लेकर महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, लातेहार जिला मुख्यालय के सदर डीएसपी डा. कैलाश करमाली, महुआडांड एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान एवं महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव के संयुक्त नेतृत्व में महुआडांड प्रखण्ड प्रशासन पुरी तरह से रहा मुस्तैद रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस बल के जवान तैनात थे। ड्रोन कैमरे से भी की जा रही थी निगहबानी।

### श्रीरामनवमी पर निकली भव्य महावीरी जुलूस

#### चंदवा में भगवान राम व भक्त हनुमान की भक्ति में लिन रहे लोग

श्रीरामनवमी जूलूस में शामिल रामभक्त ।



करतब का प्रदर्शन करते युवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** श्रीरामनवमी के अवसर पर चंदवा, अलौदिया, हरैया, कामता, पतराटोली, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सरोज नगर, लोहरसी, ब्रह्मणी, जमीरा समेत अन्य महावीर अखाड़ो के द्वारा गुरूवार की शाम चंदवा शहर समेत ग्रामीण इलाकों से भव्य श्रीरामनवमी जुलूस निकाली गयी। जिसमें हजारो की संख्या में राम भक्त महावीर झंडा लेकर शामिल हुये। श्रीराम जनकी बैठे है मेरे सिने में, एक हीं नारा एक हीं राम जय श्रीराम, जय श्रीराम, श्रीराम, जय श्रीराम के उदघोष के साथ युवा, बुजुर्ग व बच्चे जुलूस में करतब दिखाते नजर आये। शहर से सटे सरोज नगर मोहल्ले में पंचमुखी हनुमान मंदिर, नगर मंदिर, श्रीराम दरबार मंदिर व देवी मंडप, हरैया, कुजारी, कंचन नगरी, अलौदिया में विशेष पूजा-अर्चना की गयी। श्रीराम नवमी के दौरान पूरा शहर महावीर झंडो से पटा नजर आया। श्रीरामनवमी जुलूस में शामिल लोगो के लिये हिन्दू उत्सव समिति समेत, तैलिक साहू समाज, चंदवा थाना परिवार, पठारी ट्रक ऑनर एसो. समेत कई संस्थानों के द्वारा कई स्थानो पर सेवा भाव के साथ भक्तो का छेना पाईस, लस्सी, कोलड्रिंक्स, शरबत, पानी की व्यवस्था की गयी। वही युवा भारत के द्वारा स्थानीय देवी मंडप परिसर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

#### घरो में गये महावीरी पतका

इधर श्रीरामनवमी के मौके पर हिन्दू धर्मावलंबियों ने विधिवत पूजन के उपरांत अपने-अपने घरों के आंगन व छतो में महावीर पताका फहराया। हनुमान चालिस पाठ, पूजन व आरती के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया गया।

#### मुश्तैद रही प्रशासन

उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव, एसपी अंनजी अंजन के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चंदवा पुलिस पुरी तरह से मुस्तैद देखी गयी। सभी चौक, चौराहो, मुख्य बाजार समेत जुलूस के दौरान भी सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम देखने को मिला।

### महाअष्टमी में रामभक्तों ने किया झंडा मिलान


कला का प्रदर्शन करते राम भक्त ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में बुधवार की देर रात्रि में राम भक्तों ने महाअष्टमी के अवसर पर जुलूस निकाला और झंडा का मिलान किया। मुख्यालय स्थित बड़का बालूमाथ, चट्टी टोला, तेलीटोला मोहल्ला के रामभक्तों ने डीजे की धुन पर रामनवमी का जुलूस निकाला और झंडा का मिलान किया। बडका बालूमाथ का जुलुस मोहल्ला का भ्रमण करते हुए थाना चौक होते हुए महावीर मंदिर पहुंचा वही चट्टी टोला और तेलीटोला का जुलूस अपने अपने मोहल्ले से निकलकर मस्जिद चौक होते हुए महावीर मंदिर परिसर पहुंचा जहां झंडा का मिलान किया गया। मौके पर राम भक्त डीजे की धुन पर जय श्री राम की धुन पर थिरकते दिखे इस दौरान राम भक्तों ने एक से बढ़कर एक कला का भी प्रदर्शन किया। ज्ञात हो की बालूमाथ में शुक्रवार दशमी के दिन विशाल जुलूस व झांकी निकाली जाएगी। जिसमें बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के 11 अखाड़ा समिति के अलावा एकीकृत बालूमाथ के विभिन्न गांव के लोग इस जुलूस में शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं बालूमाथ स्थित पुराना बस स्टैंड के समीप मंच तैयार किया जा रहा है। जहां विभिन्न अखाड़ा से शामिल होने वाले राम भक्त अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। वहीं बेहतर कला दिखाने वाले अखाड़ा को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महावीर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में आयोजित होगा। वही कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है सुरक्षा की कमान बालूमाथ एचडीपीओ अजीत कुमार सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद अंचलाधिकारी आफताब आलम संभाले हुए हैं।

### सर्शत विसर्जन शोभा यात्रा निकालने की मिली अनुमति

**लातेहार।** जिले के बालुमाथ प्रखंड मुख्यालय में श्रीरामनवमी पूजा समिति को सर्शत चैत्र नवरात्र के दशमी तिथि को महावीरी विसर्जन शोभा यात्रा निकालने की अनुमति जिला प्रशासन के द्वारा दी गयी है. इसके लिए महासमिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु से बंधपत्र जमा लिया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार ने बताया कि इस वर्ष के जुलूस को अपवाद के स्वरूप दिया गया है .अगले साल दशमी तिथि को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जायेगी. जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का निर्देश दिया गया है. किसी प्रकार के सांप्रदायिक सोहार्द बिगाड़ने वाले गीत नहीं बजाने तथा प्रशासन के द्वारा अप्रूव गीतों को ही बजाने की अनुमति दी गयी है. उन्होने बताया कि देर शाम तक सभी प्रकार के कार्यक्रम को समाप्त करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

### स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति मेला महोत्सव का आयोजन

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत डुमारो पंचायत के निंद्रा में नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत तथा पूर्व विधायक प्रकाश राम ,भाजपा नेत्री नीलम देवी एव जर्मनी से आये अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता रंका टाना भगत तथा संचालन सुशील तिवारी ने किया। सर्वप्रथम सुबह से टाना भगत समुदाय के द्वारा कलश जल यात्रा निकाली गई।उसके बाद टाना भगत स्मारक स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना की।वही मुख्य अतिथि देवशरण भगत व प्रकाश राम सहित अन्य टाना भगतो ने स्मारक स्थल का परिक्रमा किया उसके बाद सभी अतिथियों ने सभी नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर मल्यार्पण किया गया। वही मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया गया।

## रामनवमी को लेकर भक्तिमय हुआ माहौल, तिरंगा क्लब अखाड़ा समिति ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

# तिरंगा क्लब के प्रांगण हनुमान मंदिर का होगा निर्माण: प्रेम कुमार अधूरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में उपस्थित मंचासिन अतिथि।


पुलिस प्रशासन मुस्तैद।

**बरवाडीह।** रामनवमी को लेकर पूरा बरवाडीह प्रखंड भक्तिमय हो गया है। हर घर और प्रतिष्ठानों में महावीरी झंडा लहरा रहा है। यहां विभिन्न अखाड़ा कमेटियों के तरफ से धूमधाम से रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी बीच नवमी के अवसर पर बभंडीह अखाड़ा कमेटी तिरंगा क्लब की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक रामचंद्र सिंह समेत शहर के विभिन्न दलों के नेता और शहर के जाने माने लोग शरीक हुए। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, आरएसएस के जिला संघ कार्यवाह कमलेश सिंह, संवेदक मनोज जयसवाल, दीपू तिवारी, सुनील सिंह, पवन चौधरी और पत्रकार दीपक राज सहित कई जाने माने लोगों को पगड़ी पहनाकर अखाड़ा कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। जहां मंच का संचालन कर रहें कमेटी के संरक्षक प्रेम कुमार अधूरा ने उपस्थित अतिथियों और गणमान्य लोगों के समक्ष तिरंगा क्लब के प्रांगण में बजरंग बली के मंदिर के निर्माण कराने का प्रस्ताव रखा। जिसमें सभी ने अपनी- अपनी ओर से सहयोग करने की बात कही। प्रेम कुमार अधूरा ने बताया कि यहां 1981 से रामनवमी महोत्सव का आयोजन हमलोग कराते आ रहें है, और हर वर्ष कमेटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें अतिथियों के साथ- साथ क्षेत्र के वरिष्ट नागरिकों और कमेटी के युवाओं को सम्मानित करने का काम किया जाता रहा है। यहां मंदिर निर्माण कराने की जरूरत है।

### ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जा रही है नजर

रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस कप्तान अंजनी अंजन तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के निर्देश बरवाडीह पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। विभिन्न चौक -चौराहों और अखाड़ों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा से सभी जगहों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं रामनवमी को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह खुद क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहें है।

### बीडीओ राकेश सहाय की माता के निधन पर जताया शोक

प्रेम कुमार अधूरा ने आगे बताया कि कार्यक्रम में प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था। पर दो दिन पूर्व बीडीओ साहब श्री राकेश सहाय की माता जी का आकस्मिक निधन हो गया। जिसपर पूरी कमेटी दुख प्रकट करती है, और ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना करती है। मौके पर कमेटी के सावन कुमार, उपेंद्र यादव, यश पासवान, गौतम बाबा, रवि रंजन, अमित कुमार, ओमप्रकाश, रोहित रंजन, विशाल सोनी, गोविंद सोनी, नीरज सोनी और सूरज सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।






# चेन्नई के 5 नामी खिलाड़ी, जो धोनी को दिला सकते हैं पहले मैच में जीत

## आइपीएल 2023 का महामुकाबला आज से, सभी टीमों ने कसी कमर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 16वें सीजन की शुरूआत 31 मार्च को अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स और सुपर किंग्स के मैच के साथ होगी। पिछले सीजन में सीएसके कमजोर दिखी थी क्योंकि वे अंक तालिका में नौवें स्थान पर थी। 14 मैचों में चार जीत और 10 हार के साथ, सुपर किंग्स ने लीग के इतिहास में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया था।अपनी पिछली गलतियों से सबक सीखते हुए, सीएसके इस साल के सीजन में अपने कप्तान एमएस धोनी के नेतृत्व में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। चार बार के आईपीएल चैंपियन ने पिछले साल दिसंबर में हुई 2023 की आइपीएल नीलामी में इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। फ्रैंचाइजी उम्मीद करेगी कि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान सीएसके के साथ अपने पहले सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और उन पर खर्च की गई राशि को सही ठहराएंगे। हम आपको उन 5 नामी खिलाड़ियों के बारे में बताएंगे जो धोनी को गुजरात के खिलाफ होने जा रहे पहले मैच में जीत दिला सकते हैं।



**बेन स्टोक्स:** स्टोक्स को चेन्नई के भविष्य का कप्तान भी माना जा रहा है। ऐसे में स्टोक्स पर चेन्नई को जीत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी, साथ ही उन्हें साबित करना होगी कि फ्रेंचाइजी ने उनके ऊपर जो बड़ी राशि खर्च की है वो व्यर्थ नहीं जाएगी। स्टोक्स आईपीएल में अभी तक 43 मुकाबले में 920 रन बना चुके हैं। इसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि स्टोक्स शायद ही गेंदबाजी करते नजर आएं, लेकिन बल्ले से वह रनों की बौछार कर टीम को जीत दिलाने की पूरी करेंगे।

**डेवोन कॉनवे:** न्यूजीलैंड के धाकड़ ओपनर डेवोन कॉनवे अपनी पुरानी लय जारी रखते हुए गुजरात की धज्जियां उड़ा सकते हैं। वह रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग करते नजर आएंगे। अगर कॉनवे का बल्ला चल पड़ा तो फिर चेन्नई को जीत दिलाने से कोई नहीं रोक सकता। कॉनवे ने पिछले सीजन में भी चेन्नई को शानदार शुरूआत दिलाने का काम किया था। उन्हें 7 मैच मिले थे, जिसमें उन्होंने 145.66 की तेज स्ट्राइक रेट के साथ 3 अर्धशतक की मदद से 252 रन बनाए थे। अगर कॉनवे का बल्ला चला तो फिर चेन्नई की जीत तय है।

**रविंद्र जडेजा:** आलराउंडर जडेजा वैसे तो पिछले सीजन में बेहद खराब दौर से गुजरे थे, लेकिन यह तय है कि वो इस बार नए रंग के साथ मैदान पर उतरेंगे। जडेजा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई हाल ही में हुई टेस्ट सीरीज के दौरान जबरदस्त प्रदर्शन दिखाया था। जडेजा ना सिर्फ बल्लेबाजी से बल्कि गेंजबाजी के जरिए अहमदाबाद स्टेडियम में गद्दर मचा सकते हैं। वैसे भी येपिच स्पिनरों के लिए मददगार साबित होती आई है, ऐसे में जडेजा अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए पूरा जोर लगाते दिखें।

**दीपक चाहर:** चोट के कारण पिछला आईपीएल सीजन नहीं खेल पाने वाले तेज गेंदबाज दीपक चाहर इस बार चेन्नई के लिए अपना बड़ा योगदान देने के लिए नहीं चूकेंगे। पिछले सीजन में टीम को उनकी कमी पूरी तरह से खलती नजर आई, जब तेज गेंदबाजी आक्रमण डेथ ओवरों में बल्लेबाजों के सामने संघर्ष करता दिखा, लेकिन इस बार चाहर की वापसी ने चेन्नई की गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है। चाहर ने 2021 में चेन्नई के लिए 15 मैचों में 14 विकेट लिए थे, साथ ही टीम को चौथी बार चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया था।

**मोईन अली:** इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली भी चेन्नई के लिए जीत के सूत्रधार साबित हो सकते हैं। पिछले सीजन में भले ही चेन्नई का खराब प्रदर्शन रहा हो, लेकिन अली ने 127.85 की स्ट्राइक रेट से 10 मैचों में 244 रन रन बनाए थे, जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्कोर 93 भी रहा। साथ ही उन्होंने 8 विकेच भी लिए थे। ऐसे में अली एक बार फिर अपना पुराना प्रदर्शन दोहराने के लिए दम लगाते नजर आएंगे।

### टूनार्मेंट शुरू होने से पहले राजस्थान टीम ने जमकर की पार्टी

पिछले सीजन की उपविजेता राजस्थान रॉयल्स पर इस सीजन पर विशेष नजरे रहने वाली है। राजस्थान टीम इस सीजन के लिए यहां नेट्स में जमकर पसीना बहा रही है, वहीं टीम खूब मस्ती भी कर रही है। राजस्थान रॉयल्स ने इस सीजन के शुरूआत से पहले ग्रैंड पार्टी रखकर अपने मूड को सीजन के लिए पूरी तरह रिफ्रेश कर लिया है। सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर राजस्थान रॉयल्स ने अपने ऑफिशियल अकाउंट से एक वीडियो साझा की है। जिसमें राजस्थान टीम के खिलाड़ी और स्टाफ पापुलर गाने गंगनम स्टाइल पर जमकर डांस कर रहे हैं। यह वीडियों इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स ने फाइनल तक का राह तय किया था। राजस्थान पिछले सीजन में 14 में 9 मुकाबलों में जीत दर्ज की थी।

### आइपीएल खिताब जीतने उतरेगा केकेआर

**कोलकाता।** दो बार का चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स नौ साल बाद दोबारा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा तो उसे कोच चंद्रकांत पंडित की रणनीतिक दक्षता से काफी उम्मीदें होंगी लेकिन टीम को चोटों की समस्या और बल्लेबाजी क्रम में स्तरीय खिलाड़ियों की कमी से पार पाना होगा। पिछले साल दिसंबर में आईपीएल की नीलामी में केकेआर ने आठ खिलाड़ियों को खरीदा था जिसमें बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन डेढ़ करोड़ रुपये के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे।

### कोहली बोले- सचिन तो मेरे हीरो हैं

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट जगत में अपने नाम कई उपलब्धियां हासिल कर चुके आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली ने सीजन-16 के शुरू होने से पहले दो सर्वकालिक महान खिलाड़ी चुने। खास बात यह है कि उनकी तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है, लेकिन बल्लेबाज का मानना है कि वो सचिन को अपना हीरो मानते हैं। कोहली ने सचिन तेंदुलकर और विंडीज के पूर्व धुरंधर रहे विवियन रिचर्ड्स का नाम लिया। उनके मुताबिक, इन दो खिलाड़ियों ने क्रिकेट को पूरी तरह बदल दिया।

### रोहित को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना चाहते हैं कुंबले

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मेंटर के रूप में काम करने वाले पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने खुलासा किया है कि कप्तान रोहित शर्मा जो कहना चाहते थे उसे कहने से नहीं डरते। वह अनुभवी खिलाड़ियों की सुनते जरूर थे लेकिन अपने फैसले खुद लेते थे। मुंबई के लिए पांच बार खिताब जीतने वाले रोहित आइपीएल के इतिहास में अब तक के सबसे सफल कप्तान हैं। कुंबले ने जियोसिनेमा के इनसाइडर्स पर कहा, 'वह कहने से नहीं डरते थे कि उन्हें क्या कहना था। उनके पास बहुत अनुभव था और वह उनके पास भी पहुंचे, लेकिन फिर अपने फैसले खुद लिए।

## 4 टीमें पहुंचेगी प्लेऑफ में, सीजन शुरू होने से पहले हुई बड़ी भविष्यवाण

**नयी दिल्ली।** दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग के शुरू होने में अभी कुछ समय बाकी है, लेकिन शीर्ष टीमों के बारे में क्रिकेट विशेषज्ञों भविष्यवाणी अभी से सामने आने लगी हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान कप्तान स्टीव स्मिथ, जिन्होंने हाल ही में प्रसारण पैनल के हिस्से के रूप में आईपीएल के 16वें संस्करण में आने की घोषणा की, वह भी इस सीजन के लिए प्लेऑफ में पहुंतने वाली 4 टीमों की भविष्यवाणी करते नजर आए। स्मिथ ने राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी की थी और कुल मिलाकर 103 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें एक शतक सहित 2485 रन बनाए हैं। 2023 सीजन के लिए स्मिथ ने अपनी शीर्ष 4 टीमों में सबसे पहले चन्नई सुपर किंग्स को चुना, जो 4 बार चैंपियन रह चुकी है। टीम का नेतृत्व दिग्गज एमएस धोनी करेंगे और इसमें दुनिया के तीन सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर, जैसे रवींद्र जडेजा, बेन स्टोक्स और मोइन अली शामिल होंगे। वहीं, गेंदबाजी आक्रमण में दीपक चाहर और महेश तीक्षाना जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## सिंधू और किदांबी श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में

**मैड्रिड।** भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों को सीधे गेम में जीत कर मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू इस साल पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंची। उन्होंने महिला एकल के आधे घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वारदानी को 21-16 21-14 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने दूसरे दौर के मैच में 49वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हमवतन बी साई प्रणीत को 21-15, 21-12 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त 27 साल की सिंधू चोट से वापसी के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। वह 2023 में पहली बार दूसरे दौर की बाधा को पार करने में सफल रही। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण नवंबर 2016 के बाद पहली बार रैंकिंग में शीर्ष 10 खिलाड़ियों की सूची से बाहर होने वाली सिंधू के सामने अंतिम आठ में डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट की चुनौती होगी। पुरुष एकल में श्रीकांत के सामने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोतो की कड़ी चुनौती होगी। निशिमोतो को दूसरे दौर के मैच में फ्रांस के अर्नोद मर्केल ने वाकओवर दे दिया। किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत दूसरे दौर में हारकर पुरुष एकल स्पर्धा से बाहर हो गए। जॉर्ज को डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन ने 31 मिनट में 17-21 12-21 से हराया जबकि राजावत को फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव ने 14-21 15-21 से हराया।



### भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम बनाने के लिए एमओयू किया

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ ने यहां जयपुर जिले के चोम्प गांव में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के साथ एमओयू (सहमति पत्र) पर हस्ताक्षर किए हैं। वेदांता समूह की कंपनी एचजेडएल इस सुविधा पर 300 करोड़ रुपये खर्च करेगी जिसे अनिल अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा। यह स्टेडियम 100 एकड़ में फैली होंगी और इसमें 75000 से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।

### प्रेमिका की हत्या करने वाला एथलीट हो सकता है रिहा, जीत चुका है 6 गोल्ड मेडल

**केपटाउन।** पूर्व ओलंपिक एथलीट ऑस्कर पिस्टोरियस ने पेरोल के लिए आवेदन किया है और उम्मीद की जा रही है इस मामले की सुनवायी शुक्रवार को होगी। पिस्टोरियस अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकैंप की 2013 में गोली मारकर हत्या करने का आरोप साबित होने के बाद 13 साल पांच महीने जेल की सजा काट रहे हैं। वह इस घटना के 10 साल बाद जेल से रिहा हो सकते हैं। रीवा के माता-पिता बैरी और जून स्टीनकैंप ने कहा है कि वे पिस्टोरियस की रिहाई का विरोध करेंगे। सुधार विभाग ने पिस्टोरियस की सुनवाई से जुड़ी जानकारी यह कहते हुए देने से इनकार कर दिया कि यह किसी अन्य पेरोल सुनवाई की तरह एक आंतरिक मामला' है।

### बॉक्सिंग चैंपियन नीतू और स्वीटी को हरियाणा सरकार से मिला नौकरी का प्रस्ताव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हाल ही में नयी दिल्ली में आयोजित आइबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नीतू घंघास और स्वीटी बूरा को गुरुवार को 40-40 लाख रुपए का चेक और नौकरी का प्रस्ताव पत्र दिया। नीतू और स्वीटी ने मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ में उनके आवास संत कबीर कुटीर में भेंट की, जहां मुख्यमंत्री ने प्रत्येक को 40 लाख रुपये का चेक सौंपा और दोनों खिलाड़ियों को हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम के तहत ग्रुप बी की नौकरी का प्रस्ताव पत्र पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लोगों के लिए गर्व की बात है कि पिछले कुछ वर्षों में लड़कियों ने खेल के क्षेत्र में प्रदेश के साथ-साथ देश का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि नीतू बीते रविवार को हुए फाइनल में 48 किग्रा का स्वर्ण पदक जीता था, जबकि स्वीटी ने 81+ किग्रा में खिताब हासिल किया था।

### आईडब्ल्यूएल के ग्रुप की घोषणा हुई

**नयी दिल्ली।** इंडियन वुमेन्स लीग (आइडब्ल्यूएल) का गुरुवार को यहां फुटबॉल हाउस में ड्रॉ हुआ जिसके बाद ग्रुप की घोषणा की गई। ड्रॉ के दौरान अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरन भी मौजूद थे। आइडब्ल्यूएल 25 अप्रैल से शुरू होगा जिसमें 16 टीम हिस्सा लेंगी जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष चार टीम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। शीर्ष आठ टीम को साथ ही अगले सत्र के आईडब्ल्यूएल में सीधे प्रवेश मिलेगा जो अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मुकाबलों के प्रारूप में खेला जाएगा।

**ग्रुप इस प्रकार हैं : ग्रुप ए:** गोकुलम केरल एफसी, माता रुकमणी एफसी, होप्स एफसी, मिसाका यूनाईटेड एफसी, कहानी एफसी, ईस्ट बंगाल एफसी, स्पोर्ट्स ओडिशा और मुंबई नाइट्स एफसी।

**ग्रुप बी:** सेतु एफसी, किक स्टार्ट एफसी, सेल्टिक क्वीन्स एफसी, ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन, सीआरपीएफ एफसी, चर्चिल ब्रदर्स एफसीजी, लार्ड्स एफए कोच्चि और ओडिशा एफसी।

### अंडर-17 एशियाई कप के ग्रुप डी में भारत

**बैंकॉक।** भारत को 15 जून से थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 के लिए ग्रुप डी में रखा गया है। एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) ने गुरुवार को यहां आयोजित टूनार्मेंट के ड्रा समारोह में इसकी घोषणा की। भारत को ग्रुप स्टेज में जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान का सामना करना होगा। भारतीय अंडर-17 पुरुष टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा, 'ड्रॉ में हमें जो ग्रुप मिला है उससे हम सभी उत्साहित हैं। हम कुछ अच्छे विरोधियों का सामना करेंगे और खिलाड़ी वास्तव में इसका इंतजार कर रहे हैं। हर स्तर पर हर फुटबॉलर सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहता है, और जापान निश्चित रूप से एशिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। उन्होंने कहा, 'हमारे पिछले बैच निश्चित रूप से उज्बेकिस्तान और वियतनाम जैसी टीमों के खिलाफ खेले हैं। हमें उनके खिलाफ कुछ अच्छे नतीजे मिले हैं, इसलिए हम (फीफा अंडर-17) विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय टीम बनने के अपने लक्ष्य को पूरा करने को लेकर उत्साहित हैं।

## समस्तीपुर में दो गुटों में हिंसक झड़प, जमीन विवाद को लेकर भिड़े, दोनों ओर से 7 लोग जख्मी

एजेंसी

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में गुरुवार को दो गुटों में भिड़ंत हो गई। मारपीट में दोनों ओर से 7 लोग जख्मी हुए। घटना विभूतिपुर थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के सिरौली वार्ड मोहल्ला की है। गुरुवार सुबह हिंसक झड़प हुई। एक पक्ष से 3 लोग तथा दूसरे पक्ष से 4 लोग जख्मी हुए हैं। बताया गया है कि दोनों गुटों के बीच रात में भी मारपीट की घटना हुई थी। फिर सुबह में पंचायत को लेकर लोग जुटे थे लेकिन इसी बात पर पुनः दोनों गुट में मारपीट हो गई। एक पक्ष से घनश्याम पौदार, उनकी पत्नी संजीता देवी और शिक्षक प्रह्लाद पौदार जख्मी हो गए। इसमें शिक्षक प्रह्लाद पौदार और घनश्याम पौदार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरे पक्ष से चार लोग शिवकुमार पोद्दार, गोलू कुमार, गीता देवी और विनोद पोद्दार जख्मी हुए हैं। जिसका इलाज स्थानीय सीएचसी में कराया गया है। घटना का कारण घटना का कारण रास्ता को लेकर मारपीट होना बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि प्रहलाद पोद्दार और शिव कुमार पोद्दार के बीच जमीन के रास्ता को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है बुधवार रात लोगों ने प्रहलाद पोद्दार की पत्नी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। बताया गया है कि गुरुवार सुबह शिवकुमार खुदार द्वारा गांव के ही कुछ लोगों को पंचायत के लिए बुलाया गया था । लेकिन इसी दौरान दोनों लोगों के बीच कहासुनी के बाद पुनः मारपीट हो गई ।जिसमें दोनों पक्ष से 7 लोग जख्मी हो गए। बाद में हल्ला होने पर जुटे अन्य ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर सभी लोगों को अस्पताल पहुंचाया। दोनों गुट एक दूसरे पर पहले मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। उधर विभूतिपुर थाना अध्यक्ष संदीप पाल ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों से बयान लिया जा रहा है दोनों ओर से दर्जन भर लोगों को आरोपित करते हुए आवेदन दिया गया है मामले की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना के पीछे रास्ते का जमीन विवाद बताया गया है।



### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे में बदलाव, 2 की जगह 1 अप्रैल को पहुंचेंगे पटना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे में बदलाव हुआ है। अब वह 2 अप्रैल की जगह 1 अप्रैल को बिहार आएंगे। पटना में 1 अप्रैल को अमित शाह रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद सासाराम में सम्राट अशोक की जयंती समारोह में शामिल होंगे। अमित शाह के आगमन को लेकर इखढ ऑफिस में तैयारी शुरू है। पिछले 6 महीने में ये उनका चौथा बिहार दौरा होगा।

### शादी के 1 घंटे बाद दुल्हन को छोड़कर भागा दूल्हा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में शादी के 1 घंटे बाद ही दूल्हा अपनी दुल्हन को छोड़कर भाग गया। शादी के बाद लड़की के परिवार वाले विदाई की तैयारी में थे। इससे पहले ही दूल्हा गाड़ी में बैठकर फरार हो गया। मामला सकरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां देर रात बंद कमरे में लड़का और लड़की एक साथ पकड़े गए थे। परिजनों के शोर मचने पर स्थानीय लोग जुट गए।दोनों ने एक दूसरे से प्यार करने की बात की। इस पर परिवार और इलाके के लोगों ने दोनों को शादी करने के लिए कहा। लड़के को कहा गया कि शादी नहीं करोगे तो थाने में केस दर्ज कराएंगे। इस पर युवक शादी के लिए राजी हो गया। आनन-फानन में शादी की तैयारी हुई। 3 घंटे के अंदर शादी का सारा सामान मंगवाया गया। फिर दोनों की शादी कराई। शादी संपन्न होने के बाद लड़की पक्ष विदाई की रस्म को पूरा करने में लग गए। ताकि, लड़का और लड़की को विदा किया जा सके। लेकिन, इससे पहले ही मंगलवार की सुबह दूल्हा गाड़ी में बैठकर मौके से भाग निकला। दुल्हन विदाई के लिए तैयार बैठी थी। लेकिन, दूल्हा भाग चुका था। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन वह नहीं मिला।

### मोकामा में बड़ा हादसा, बर्थडे पर 4 युवक गंगा में नहाने गए थे

## नदी में नहाने के दौरान हुआ हादसा, 3 युवकों की मौत

एजेंसी

**पटना।** मोकामा में गंगा नदी में नहाने के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ है। एक साथ 4 युवक डूब गए। इनमें एक की जान बचा ली गई, जिसे इलाज के लिए पास के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जिस युवक की जान बचाई जा सकी है, उसका नाम पिंटू कुमार (23) है। उसका आज ही बर्थडे है। हादसे में उसके तीनों दोस्त आयुष (16), श्याम उर्फ मुकुल (18) और शिवम (19) की मौत हो गई। इनकी लाश को गंगा नदी से बरामद कर लिया गया है। ये सभी एक ही मोहल्ले के थे। ये दर्दनाक हादसा मोकामा थाना के तहत मेकरा डीह इलाके में हुआ है। इस हादसे की जानकारी सामने आते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग गंगा घाट की ओर भागने लगे थे। रामनवमी के साथ-साथ गुरुवार को पिंटू का जन्मदिन है। सभी युवकों ने मिलकर गंगा नदी में नहाने का प्लान बनाया था। सुबह 10 बजे के पहले सभी अपने घर से निकले थे। मेकरा डीह के घाट पर पहुंचे। इन लोगों ने अपने और दोस्तों को साथ में नहाने के लिए बुलाया। इसमें कुछ युवक वहां नहीं आए। इस कारण ये चारों नहाने के लिए गंगा नदी में उतरे। खेल-खेल में तैरते हुए गंगा नदी को पार करते हुए दियारा इलाके की तरफ सुरक्षित तरीके से चले गए। लेकिन, जब वहां से वापस आने लगे तो नदी की गहराई में सभी फंस गए। इसमें आयुष, श्याम और शिवम की डूबने से मौत हो गई, जबकि पिंटू को बचा लिया गया। इसे बचाने और बाकी तीनों युवकों की लाश को बरामद करने में लोकल मछुआरों का रोल बेहद महत्वपूर्ण रहा। दूसरी तरफ इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद मोकामा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

### गोपालगंज में दरोगा की हार्ट अटैक से मौत

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के नगर थाना में तैनात एक सब इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत हो गई जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के भेड़हरिया गांव निवासी स्वर्गीय बैजनाथ तिवारी के 60 वर्षीय बेटा रमेश तिवारी के रूप में की गई। दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक रमेश तिवारी नगर थाना में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। पिछले 4 साल पहले गोपालगंज जिले के विभिन्न थानों में अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के बाद थे 4 माह पहले नगर थाना में पदस्थापित हुए।

### पेज एक का शेष

### राममय हुई राजधानी.....

**आस्था के आगे फीकी पड़ी बारिश :** रामभक्तों की आस्था को देखते हुए भगवान इंद्र ने राहत दी और बारिश की बूंदे गिरना बंद हो गया। इसके बाद भक्तो में जोश का संचार हुआ। रांची का मेन रोड महाबीरी अखाड़ों के जुलूस से पट गया। अमित सोनी के नेतृत्व में महावीर हनुमान भक्त मंडल की शोभा यात्रा के बाद क्रमवार जुलूस निकलने का सिलसिला शुरू हो गया।

**पूरा वातावरण रामधुन से गूंज उठा :** राजधानी की सड़कों जब 11 सौ की संख्या में अखाड़े की शोभायात्रा उतरा तो पूरा वातावरण रामधुन से गूंज उठा। रंगरंग कपडे पहने श्याम परिवार एवं श्री महावीर मंडल रांची महानगर की जुलूस में बज रहे ढोल- ताशे और डंके की धुन पर करतब दिखाती युवक, युवतियों ने रामनवमी की शोभायात्रा को राममय बना दिया। फिर प्राचीन महावीर मंदिर महावीर चौक, नारी सेना रांची, श्री महावीर मंडल रांची, जिसकी अगुवाई मंडल के पदाधिकारियों के साथ विधायक सीपी सिंह कर रहे थे का जुलूस निकला। इसके बाद राजधानी रांची के रातूरोड, बरियातु, पंडरा, अरगोड़ा चौक, हरमू रोड, किशोरगंज, गाड़ीखाना, अरगोड़ा चौक, कडरू, चुटिया, क्षेत्रों से जुलूसों का आगमन अलबर्ट एक्का चौक होते हुए घीरे-घीरे तपोवन मंदिर पहुंचा।

### श्रीराम के आदर्श को आत्मसात.....

**अगली रामनवमी तक भव्य होगा मंदिर :** मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष रामनवमी तक तपोवन मंदिर और भव्य बन जायेगा। पहले ही उन्होंने तपोवन की पवित्र भूमि को विकसित करने की घोषणा की थी। इस वर्ष रामनवमी पर मंदिर और आसपास के क्षेत्र का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो चुका है। अगले वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर यहां भगवान श्री राम जानकी के भव्य मंदिर का आप दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को संरक्षित और विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी और श्री राम जानकी तपोवन मंदिर समिति तथा श्री महावीर मंडल निवारनपुर समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

### अगली रामनवमी तक रामलला अपने .....

आज गुरुकुल कांगड़ी एक वटवृझ बनकर हमारी पुरानी शिक्षा पद्धति को देश और दुनिया में फैला रहा है। स्वामी श्रद्धानंद ने गुरुकुल कांगड़ी से एक अभियान शुरू किया। यहां के छात्र आज देश-दुनिया में उनके अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ये हमारे लिए बहुत गौरव का विषय है कि गृहमंत्री अमित शाह आज हमारे बीच पहुंचे हैं। उनके गृहमंत्री बनने के बाद देश में आतंकवाद, नक्सलवाद की घटनाओं पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि आज देश सुरक्षित हाथों में है।

**अयोध्या में रामलला का दर्शन करने उमड़े भक्त :** वहीं उत्तर प्रदेश में गुरुवार को राम नवमी पर भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। अयोध्या नगरी में देशभर से राम भक्तों की भीड़ रामलला के दर्शन करने उमड़ पड़ी है। मंगलगीत गाये जा रहे हैं। चहुओर उत्सव का माहौल है।

### रामनवमी पर इंदौर के बेलेश्वर मंदिर......

हवन और पूजा के दौरान अचानक मंदिर की बावड़ी पर छत धंस गयी, जिससे लोग उसमें गिरते चले गये। पुलिस कमिश्नर और कलेक्टर समेत सभी आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने छत गिरने से हुई मौतों पर दुख जताया है। मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। वहीं सीएम शिवराज ने मृतकों के परिवारों के लए 5 लाख की मुआवजा राशि का ऐलान किया है, साथ ही घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की बात कही है।

